

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 04 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-158 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

# संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत बनाए रखना न केवल हमारी जिम्मेदारी बल्कि नैतिक कर्तव्य भी : मुख्यमंत्री साय

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास, नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ आदिवासी कंवर समाज युवा प्रभाग रायपुर द्वारा आयोजित प्रकृति पर्व भादो एकादशी व्रत – 2025 करमा तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पारंपरिक विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। इस संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत बनाए रखना न केवल हमारी जिम्मेदारी, बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है। ऐसे पर्व और परंपराएँ समाज को एकजुट होने का अवसर देती हैं, जिससे स्नेह, सद्भाव एवं सौहार्द की भावना विकसित होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि कंवर समाज के युवाओं द्वारा राजधानी रायपुर में करमा तिहार का आयोजन किया जा रहा है। हमारी आदिवासी संस्कृति में अनेक प्रकार के करमा तिहार मनाए जाते हैं। आज एकादशी का करमा तिहार है,





## करमा तिहार के रंग में डूबा मुख्यमंत्री निवास

जो हमारी कुंवारी बेटियों का पर्व है। इस करमा तिहार का उद्देश्य है कि हमारी बेटियों को उत्तम वर और उत्तम गृहस्थ जीवन मिले। भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर बेटियाँ अच्छे वर और अच्छे घर की कामना करती हैं। इसके बाद दशहरा करमा का पर्व आता है, जिसमें विवाह के पश्चात पहली बार जब बेटी मायके आती है, तो वह उपवास रखकर विजयादशमी का पर्व मनाती है। इसी प्रकार जियुत पुत्रिका करमा मनाया जाता है, जिसमें माताएँ पुत्र-पुत्रियों के दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। यह एक कठिन व्रत होता है, जिसमें माताएँ चौबीस घंटे तक बिना अन्न-जल ग्रहण किए उपवास करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यदि छत्तीसगढ़ की बात करें तो यहां अंग्रेजों के विरुद्ध 12 आदिवासी क्रांतियाँ हुईं। हमारी सरकार नया रायपुर स्थित ट्राइबल म्यूजियम में आदिवासी संस्कृति के महानायकों की छवि को आमजन की जागरूकता के लिए प्रदर्शित करने मॉडल के रूप में उकेरा जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित किया जा रहा है। उनके करकमलों से इस म्यूजियम का शुभारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देती रही है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आजादी के लगभग 40 वर्षों बाद आदिवासी विभाग का पृथक मंत्रालय बनाकर आदिवासी समाज के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हीं के बताए मार्ग पर वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आदिवासी समाज के बेहतरी एवं समग्र विकास के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के लिए पीएम जनमन योजना का संचालन कर रहे हैं, जिससे हितग्राहियों को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह ने बस्तर, सरगुजा एवं मध्य क्षेत्र प्राधिकरण का गठन कर विकास को गति प्रदान करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि युवा आदिवासियों को स्वरोजगार से जोड़ते हुए आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से हमने नई उद्योग नीति बनाई है, जिसमें बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्रों के लिए विशेष रियायतें दी गई हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आदिवासी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। इसके लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना राज्य में ही की जा रही है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली परंपरा रही है। इसी परंपरा के निर्वहन में आज हम करमा तिहार मना रहे हैं। हमारी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साय जी के नेतृत्व में ही बस्तर संभाग में बस्तर पांडुम के नाम से ओलंपिक का आयोजन किया गया, जिसकी चर्चा पूरे भारत में हुई। श्री कश्यप ने इस अवसर पर समस्त छत्तीसगढ़वासियों को प्रकृति पर्व भादो एकादशी व्रत करमा तिहार की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## जनता दूर चमचा पास

दृष्टिकोण

संजय दुबे

भारतीय राजनीति की सबसे दिलचस्प परंपरा है कि नेता चाहे सत्ता में हो या हाशिये पर, उसके पास एक आखिरी चमचा हमेशा मौजूद रहता है। यही वह शख्स होता है जो हर परिस्थिति में ''सब अच्छा है'' का राग अलापता है। नेता चाहे कितना भी डगमगाए, जनता चाहे कितनी भी दूरी बना ले, यह आखिरी चमचा उसे यकीन दिलाता है कि लोकप्रियता बरकरार है और वापसी बस अगली मोड़ पर इंतज़ार कर रही है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस इस समय इसी बीमारी की चपेट में है। सत्ता जा चुकी है, संगठन कमजोर है, कार्यकर्ता बिखरे हैं, लेकिन नेताओं के कानों तक जो आवाज़ पहुँच रही है, वह वही है जो चमचों की टोली सुनाना चाहती है। यही वजह है कि हार के बाद भी पार्टी आत्ममंथन की जगह आत्मप्रशंसा में उलझी हुई है। दरअसल, आखिरी चमचा केवल व्यक्ति नहीं होता, वह मानसिक नशा है। यह नशा नेता को सच्चाई से दूर रखता है। वह मानने को तैयार नहीं होता कि जनता ने उसे नकार दिया है। उसे यह सुनना अच्छा लगता है कि ''लोग आज भी आपके दीवाने हैं''। यही झूठ उसे तसल्ली देता है और आगे बढ़ने का बहाना भी।

2023 के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को सबसे पहले ज़मीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करना चाहिए था। लेकिन हुआ उलटा। नेताओं ने उन आवाज़ों को दरकिनार कर दिया जो उन्हें कटु सच्चाई बताना चाहती थीं। और नतीजा यह कि आज भी पार्टी वहीं खड़ी है जहाँ चुनावी हार के दिन थी। कोई ठोस सुधार, कोई नई ऊर्जा नहीं—सिर्फ आखिरी चमचे की तसल्ली। यह संस्कृति बेहद खतरनाक है। क्योंकि जो नेता चमचों के सहारे राजनीति करता है, वह जनता की नब्ज़ कभी नहीं पकड़ पाता। आखिरी चमचा उसे वही दिखाता है जो उसे सुनना अच्छा लगे। जनता कब की किनारा कर चुकी होती है, लेकिन नेता को इसका अहसास तब होता है जब चुनावी नतीजे उसके हाथ से ज़मीन खिसका देते हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता आज इसी भ्रम में जी रहे हैं। वे मानते हैं कि थोड़े समय में जनता फिर लौट आएगी। लेकिन सवाल है—क्यों लौटेगी? जनता ने जिस अहंकार, जड़ता और चापलूस संस्कृति को नकारा है, वही अगर जस की तस रहे तो मतदाता वापस आने की गलती क्यों करेगा? सच्चाई यह है कि आलोचना से भागकर कोई संगठन खड़ा नहीं हो सकता। नेताओं को यह समझना होगा कि कटु सत्य ही सुधार का पहला कदम है।

यदि उन्होंने अपने आसपास सिर्फ आखिरी चमचों का घेरा बना रखा, तो पार्टी और गहरे गर्त में जाएगी। राजनीति में स्थायी निवेश केवल जनता होती है, चमचे नहीं। आखिरी चमचा पल भर की तसल्ली तो दे सकता है, लेकिन वह भविष्य की गारंटी कभी नहीं दे सकता।

अगर कांग्रेस वापसी चाहती है तो उसे सबसे पहले इस संस्कृति को तोड़ना होगा। उसे ऐसे लोगों की ज़रूरत है जो सच कहने का साहस रखें, न कि वह जो झूठी तालियों से नेता को खुश करें। वरना आने वाले वर्षों में इतिहास यही दर्ज करेगा—नेता आखिरी चमचों तक तो टिके रहे, लेकिन जनता उनसे बहुत पहले किनारा कर चुकी थी।

# महुआ मोइत्रा ने रायपुर पुलिस को कहा 'बेवकूफ'

कोलकाता,4 सितंबर। अपनी बदजुबानी के लिए मशहूर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा इन विवादों में हैं। बावजूद इसके उनकी जुबान पर कोई लगाम नहीं लग रहा है। अमित शाह का 'सिर कलम' करने की बात कहने वाली महुआ मोइत्रा ने अब रायपुर पुलिस को बेवकूफ कहा है। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में रायपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अब इससे चिढ़ी महुआ मोइत्रा ने वीडियो जारी कर रायपुर पुलिस को बेवकूफ कहते हुए अपने आकाओं की नहीं बात नहीं सुनने की बात कहते हुए दिख रहीं हैं। टीएमसी सांसद



महुआ मोइत्रा एफआईआर के बाद महुआ मोइत्रा ने छत्तीसगढ़ पुलिस (@CG_Police) और रायपुर पुलिस (@RaipurPoliceCG) को टैग करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी की है। महुआ मोइत्रा ने वीडियो की शुरुआत अमित शाह को सम्माननीय गृह मंत्री कहकर की। महुआ मोइत्रा नए वीडियो में कह रही है कि अंग्रेजी में जो लिखा जाता है या फिर कहा जाता है, हिंदी में उसका अर्थ वह नहीं होता है। वे बयान के लिए दर्ज की गई एफआईआर के खिलाफ कोर्ट जाएगी। महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनके विरोधियों को हर बार शिकस्त मिली है। इस बार भी ऐसा ही होगा। साथ ही कहा कि मुहावरे बेवकूफों के लिए नहीं होते। मोइत्रा ने छत्तीसगढ़ पुलिस को टैग करके लिखा है कि आपने पिछला मुकदमा हाईकोर्ट से फटकार लगने के बाद तुरंत वापस ले लिया था। आप भाजपा के आकाओं की बात सुनना बंद करो। बता दें कि अमित शाह पर बंगाली भाषा में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों में घिरी महुआ मोइत्रा ने कहा कि मैंने जो भी कहा, वो एक बंगाली मुहावरा था। इसका ट्रांसलेट करके गलत अर्थ निकाला गया। महुआ के आरोपों पर रायपुर पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता के दिए गए साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है। महुआ ने स्पष्ट किया कि अंग्रेजी या बंगाली में कही गई बातों का शाब्दिक हिंदी अनुवाद हमेशा सही अर्थ नहीं देता। महुआ का कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह एक बंगाली मुहावरा था, लेकिन उसका गलत अनुवाद कर राजनीतिक रंग दिया गया।

# भारत पर टैरिफ यूक्रेन में शांति के लिए जरूरी : ट्रंप

**वाशिंगटन,4 सितंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अदालत में दायर दस्तावेजों में चेतावनी दी है कि भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ को हटाने से अमेरिका को व्यापारिक प्रतिशोध झेलना पड़ेगा और विदेशों में शांति स्थापित करने के प्रयास कमजोर हो जाएंगे. सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपील में अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर ने न्यायाधीशों से इन ड्यूटीज को बरकरार रखने की अपील की, जिन्हें निचली अदालत ने अवैध ठहराया था. अपील में कहा गया, 'इस मामले में दांव पर लगी चीजें बहुत बड़ी हैं.' दस्तावेज में टैरिफ को 'यूक्रेन में शांति की कोशिशों का अहम हिस्सा' और 'आर्थिक तबाही से बचाने वाली ढाल' बताया गया. ट्रंप प्रशासन ने कहा, 'हमने हाल ही में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जारी राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने के लिए भारत पर टैरिफ लगाए हैं, क्योंकि वह रूसी एनर्जी प्रोडक्ट खरीदता रहा है. इन टैरिफ को हटाना अमेरिका को आर्थिक तबाही के कगार पर धकेल देगा.' हाल ही में अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगाया, यह कहते हुए कि व्यापार घाटा बढ़ रहा है. साथ ही, रूस से तेल व्यापार खत्म करने के दबाव को न मानने पर 25% अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ा



गया. यानी कुल मिलाकर भारत पर अब 50% आयात शुल्क लागू है. ट्रंप प्रशासन की यह अपील उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें अमेरिकी फेडरल सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने 7-4 से यह कहा था कि ट्रंप इमरजेंसी आर्थिक शक्तियों का इस्तेमाल करके व्यापक टैरिफ लगाकर अपनी अधिकार-सीमा से आगे बढ़ गए. प्रशासन ने इसके उलट तर्क दिया कि ये कदम 'शांति और अभूतपूर्व आर्थिक समृद्धि' ला रहे हैं और देशों को वॉशिंगटन के साथ नए व्यापार ढांचे में ला रहे हैं. सरकार ने अपने दस्तावेज में कहा, 'टैरिफ के साथ अमेरिका एक अमीर देश है; बिना टैरिफ अमेरिका गरीब देश है.' इसमें कहा गया कि अगर ये शुल्क हटा दिए गए तो अमेरिका का रक्षा-औद्योगिक ढांचा कमजोर होगा, सालाना 1.2 ट्रिलियन डॉलर के व्यापार घाटे पर असर पड़ेगा और चल रही विदेशी वार्ताओं पर अनिश्चितता का साया छा जाएगा. दस्तावेज के मुताबिक, इन ड्यूटीज की वजह से 'छह बड़े व्यापारिक साझेदार और 27 देशों वाला यूरोपीय संघ पहले ही फ्रेमवर्क समझौतों में शामिल हो चुके हैं', जिससे अमेरिका की वैश्विक स्थिति और मजबूत हुई है.

### सुप्रीम कोर्ट से जल्द फैसला लेने की अपील

फाइलिंग में कहा गया, 'एक साल पहले अमेरिका एक 'मरा हुआ देश' था, और अब, उन ट्रिलियन डॉलर की वजह से जो देश हमें बुरी तरह लूटते रहे थे और अब हमें दे रहे हैं, अमेरिका फिर से एक मजबूत, आर्थिक रूप से सक्षम और सम्मानित देश बन गया है.' ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से जल्दी फैसला देने की अपील की, ताकि यह साफ हो सके कि राष्ट्रपति के पास संघीय कानून के तहत व्यापक आयात कर लगाने का अधिकार है. यह अपील उस निचली अदालत के फैसले को चुनौती देती है, जिसमें ट्रंप के अधिकांश टैरिफ को आपातकालीन शक्तियों का अवैध इस्तेमाल बताया गया था.

# पत्नी ने पति से बनाई दूरी, हाईकोर्ट ने माना क्रूरता

बिलासपुर,4 सितंबर। हाईकोर्ट ने शादी से जुड़े एक मामले में पति की तलाक की अर्जी को स्वीकार करते हुए पत्नी को 15 लाख रुपए स्थायी गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया. कोर्ट ने कहा कि बिना पर्याप्त कारण वैवाहिक जीवन से दूरी बनाना पति के प्रति क्रूरता की श्रेणी में आता है. मामला कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र का है, जहां रहने वाले दंपती 2011 से अलग रह रहे थे. कोर्ट ने पति की अपील स्वीकार करते हुए फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया और पति को तलाक की डिक्री प्रदान की. मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई. कोर्ट ने कहा कि पत्नी वर्षों से अलग रह रही है, और उसने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना समेत कई मुकदमे दर्ज कराए थे. कोर्ट ने पत्नी और बेटी के भविष्य को देखते हुए पति को आदेश दिया कि वह 15 लाख रुपये का स्थायी गुजारा भत्ता अदा करे. दरअसल, एसईसीएल में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत युवक की शादी 11 फरवरी 2010 को हुई थी. कुछ समय बाद उनके घर बेटी ने जन्म लिया. इसके बाद दंपती के बीच विवाद बढ़ने लगे. पति का आरोप था कि पत्नी ने वैवाहिक दायित्व निभाने से इनकार कर दिया और परिवार से अलग रहने का दबाव बनाया. वहीं पत्नी ने आरोप लगाया कि लड़की होने पर ससुरालवालों का व्यवहार बदल गया और उन्होंने पांच लाख रुपये की मांग करते हुए उत्पीड़न शुरू कर दिया. पत्नी ने पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना (498ए), घरेलू हिंसा और भरण-पोषण के मामले दर्ज कराए. उसने यह भी कहा कि पति और परिवार वालों ने मारपीट की और जान से मारने का प्रयास किया. वहीं पति ने पत्नी पर झूठे मामले दर्ज करने और कोर्ट परिसर में हमला करने तक के आरोप लगाए. सेशन कोर्ट ने 2019 में पति और उनके परिवार को सभी आपराधिक आरोपों से बरी कर दिया. इसके बावजूद पत्नी अलग ही रही. पति ने 2015 में तलाक की अर्जी लगाई थी, लेकिन 2017 में कटघोरा फैमिली कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया. कोर्ट ने कहा था कि पत्नी की ओर से की गई कथित क्रूरता को पति साबित नहीं कर सका. इसके बाद पति ने हाईकोर्ट में अपील दायर की. हाई कोर्ट में जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच में दोनों पक्षों ने दलील पेश की. कोर्ट ने कहा कि दंपति 2011 से अलग रह रहे हैं. पत्नी ने कई आपराधिक शिकायतें कीं, जिनसे पति को मानसिक यातना झेलनी पड़ी. अलग रहने का कोई वाजिब कारण पत्नी साबित नहीं कर सकी. कोर्ट ने माना कि अब दोनों के बीच पुनर्मिलन की संभावना पूरी तरह खत्म हो चुकी है.

# समोसे नहीं खिलाने पर पति की जान सांसत में

**लखनऊ,4 सितंबर।** यूपी के पीलीभीत से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां समोसे की डिमांड पूरी न होने पर पत्नी ने मायके वालों को ससुराल बुला लिया। जब दोनों पक्षों के बीच पंचायत बैठी तो अपने परिजनों से पति की जमकर पिटवा दिया। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वहीं, जानकारी मिलने पर परिजनों ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

ये मामला सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक भगवन्तापुर गांव के रहने वाली संगीता ने अपने पति शिवम से 30 अगस्त को समोसे लाने को कहा था। पति किसी कारणवश समोसा नहीं ले गया। इस बात पर संगीता नाराज हो गई। अगले दिन 31 अगस्त को गुस्से से भरी संगीता और शिवम के बीच विवाद हो गया। इस पर संगीता के कहने पर मायके वाले उसके ससुराल पहुंचे। जहां पूर्व ग्राम प्रधान अवधेश शर्मा की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच पंचायत बैठी। इस दौरान चल रही पंचायत के बीच गुस्साई संगीता ने अपने परिजनों के साथ पति शिवम व उसकी मां की पिटाई कर दी। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

शिवम की मां विजय कुमारी ने समोसे के विवाद में हुई महाभारत की लिखित शिकायत की। जिस पर कोतवाली पुरनपुर पुलिस ने केस दर्ज कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर कार्रवाई में जुटी है। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी पुरनपुर प्रतीक दहिया ने पीड़िता विजय कुमारी और उसके बेटे शिवम की लिखित शिकायत पर पत्नी संगीता, उसकी माता ऊषा, पिता रामलड़ैते और मौसा रामोतार समेत चार के विरुद्ध बीएनएस की धारा 109 हत्या का प्रयास सहित मारपीट धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रतीक दहिया ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।आरोपियों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसटी 2.0 पर जयराम रमेश का सवाल क्या परिषद एक औपचारिकता रह गई है?

**नई दिल्ली ,4 सितंबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने जीएसटी 2.0 को लेकर केंद्र सरकार की हालिया घोषणाओं पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की वकालत करती रही है। मैं पूछता हूं कि क्या जीएसटी परिषद अब केवल एक औपचारिकता बनकर रह गई है? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की वकालत करती रही है, जो दरों की संख्या घटाए, बड़े पैमाने पर उपभोग होने वाली वस्तुओं पर टैक्स की दरें कम करे, टैक्स चोरी, गलत वर्गीकरण और विवादों को न्यूनतम करे, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर (जहां इनपुट पर आउटपुट की तुलना में अधिक टैक्स लगता है) समाप्त करे, एमएसएमई पर प्रक्रियागत नियमों का बोझ कम करे और जीएसटी के दायरे का विस्तार करे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कल शाम संवैधानिक निकाय जीएसटी परिषद की बैठक के बाद बड़े ऐलान किए। हालांकि, जीएसटी परिषद की बैठक से पहले ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2025 के अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में इसके निर्णयों की सारगर्भित घोषणा कर दी थी। क्या जीएसटी परिषद अब केवल एक औपचारिकता बनकर रह गई है?जयराम रमेश ने जीएसटी 1.0 पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, निजी खपत में कमी, निजी निवेश की सुस्त दरें और अंतहीन वर्गीकरण विवादों के बीच केंद्र सरकार को अब मानना पड़ा है कि जीएसटी 1.0 अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुका है। दरअसल, जीएसटी 1.0 की डिजाइन ही त्रुटिपूर्ण थी और कांग्रेस ने जुलाई 2017 में ही इस पर ध्यान दिला दिया था, जब प्रधानमंत्री ने अपना यू-टर्न लेकर इसे लागू करने का निर्णय लिया था। इसे गुड एंड सिंपल टैक्स कहा गया था, लेकिन यह ग्रोथ सप्रेसिंग टैक्स साबित हुआ।

# केंद्र सरकार पूरी तरह पंजाब के साथ खड़ी है:शिवराज

**अमृतसर ,4 सितंबर।** पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। इस स्थिति का आंकलन करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पंजाब का दौरा करने के लिए भेजा गया है। गुरुवार सुबह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अमृतसर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो केंद्रीय टीमों को पहले ही मौके पर डिप्लॉय किया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अमृतसर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का आकलन करते हुए एक रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपी।

इसके बाद, अमृतसर एविएशन क्लब में भाजपा की लीडरशिप की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील कुमार जाखड़ और भाजपा महासचिव तरुण चुघ मौजूद थे। शिवराज



सिंह चौहान ने कहा कि पूरे देश को पंजाब पर गर्व है। जब भी देश पर कोई संकट आया है, पंजाब ने उसे सबसे पहले अपने सीने पर उठाया है। इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार पूरी तरह से पंजाब के साथ खड़ी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने के लिए भेजा है। वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे, वहां की स्थिति का गहराई से अध्ययन करेंगे और इसके आधार पर प्रधानमंत्री को रिपोर्ट सौंपेंगे। उन्होंने फिर दोहराते हुए कहा कि यह संकट की घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब के साथ खड़ी है और पंजाब की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, पूर्व कैबिनेट मंत्री और अजनाला से वर्तमान विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान को अजनाला में बाढ़ के तुरंत नुकसान की भरपाई के लिए 2000 करोड़ का मांग पत्र दिया। इसके साथ ही, कुलदीप सिंह धालीवाल ने शिवराज सिंह चौहान को पंजाब सरकार के बकाया 60 हजार करोड़ केंद्र सरकार से तुरंत रिलीज कराने का मांग पत्र भी दिया।

### रेंगाखार हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण कर

# कलेक्टर ने छात्रों से संवाद कर बताया लक्ष्य कैसे तय करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 सितंबर।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड के तहसील मुख्यालय रेंगाखार स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला सागर सिंह, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी वर्मा, नायब तहसीलदार अखिलेश ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।कलेक्टर वर्मा ने सबसे पहले विद्यालय के रसायन, भौतिक और जीव विज्ञान प्रायोगिक कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशालाओं की व्यवस्था को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रायोगिक कक्ष विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक ज्ञान का आधार होते हैं, इसलिए इन्हें व्यवस्थित और उपयोगी



स्थिति में रखना आवश्यक है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए इनडोर गेम्स के लिए अलग से कक्ष में खेल सामग्री रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है और खेल सामग्री उपलब्ध होने से विद्यालय का वातावरण और भी सकारात्मक बनेगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कला संकाय 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से 10वीं कक्षा के परिणामों के बारे में पूछा और यह भी जाना कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि पढ़ाई करने का उद्देश्य क्या है और कितने बच्चों ने अपने भविष्य की दिशा तय की है। विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कलेक्टर ने कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाना बेहद जरूरी है। जब तक लक्ष्य स्पष्ट नहीं होगा तब तक मेहनत करना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि एक स्पष्ट दिशा तय करके मेहनत करने से सफलता की राह आसान हो जाती है। लक्ष्य निर्धारित करने से न केवल प्रेरणा मिलती है बल्कि उस दिशा में लगातार प्रयास करने की ऊर्जा भी प्राप्त होती है।कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति की भी गहन जांच की। उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि सभी शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हों और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तथा केवल औपचारिकता पूरी करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों को विषयवार स्पष्ट और सरल ढंग से समझाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब शिक्षक अपनी भूमिका को एक 'मार्गदर्शक' के रूप में पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित कक्षाओं के साथ-साथ अतिरिक्त परामर्श और परीक्षा की तैयारी में भी सहयोग करने के निर्देश दिए।



कवर्धा । एकदन्त गणेश उत्सव समिति मजगांव रोड़

## एक नजर

### ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 4 सितंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का एक और सदस्य पिछले दो वर्षो से फरार चल रहा आरोपी मोहम्मद मकसूद को ओडिशा के बरगढ़ से गिरफ्तार किया है सुपेला विजय यादव ने बताया कि वार्ड 17 चिंगरी पारा नेहरू भवन सुपेला निवासी राकेश चौसरे (26 साल) की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कियाआरोपियों ने उसके अलावा रतना वर्मा, रजनी मानीकपुरी, लोम सिंह पटेल सरिता घोड़े एवं रमेश खंडारे समेत अन्य से भी धोखाधड़ी कर कुल 14 लाख 4 हजार रुपए की ठगी की। विवेचना के दौरान आरोपी ज्योति सोनी, रेसमा खातुन, शाहिद खान, राहुल राय को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुके हैं। घटना के बाद से आरोपी मोहम्मद मकसूद निवासी मदर टेरेसा नगर कैम्प-1 फरार चल रहा था दो वर्ष की खोजबीन के बाद जिला बरगढ़, (ओड़िशा) में सुराग मिलने पर उसे पकड़ लिया गया पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ठगी की रकम में से उसे 2.50 लाख रुपए मिले बाद में उन पैसों को उसने खर्च कर दिया।

### चार मामले का आरोपी दबोचा गया



**भिलाई, 4 सितंबर।** भिलाई बदमाश को लूटपाट और आर्म्स एक्ट के चार मामलों में गिरफ्तार किया है वहीं आरोपी राह चलती नाबालिग के साथ छेड़छाड भी की थी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मिलन चौक कैम्प-2 छावनी का आदतन बदमाश शुभम तांगडे उर्फ मराठा (26 साल ) प्रार्थी सागर शर्मा एवं सोनू उर्फ सुशांत से शराब पीने के पैसे की मांग करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इसी तरह से छावनी थाना क्षेत्र में आरोपी शुभम ने दो अलग-अलग घटनाओं में अपने साथी बॉबी उर्फ रोहित कुमार के साथ मिलकर बैकुंठधाम में प्रार्थी भुनेश कुमार भांडे को लिफ्ट मांगने के बहाने उसकी स्कूटी और मोबाइल को लूटकर भाग गया था आरोपी शुभम मराठा चोरी के मामले में भी जेल जा चुका है पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपी शुभम व बाबी को गिरफ्तार कर लिया है आदतन अपराधियों एवं चाकूबाजी करने वाले बदमाशों के खिलाफ अभियान जारी है। इस कार्रवाई में थाना खुर्सीपार और थाना छावनी की टीम शामिल थे ।

### बाइक चोरी मामले में पांच गिरफ्तार





**भिलाई, 4 सितंबर।** भिलाई सशक्त एप्प के माध्यम से पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने पकड़ा है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि आबांधा निवासी सोहन यादव उर्फ हिंदी, ग्राम झीट थाना अम्लेश्वर अविनाश गायकवाड, ग्राम महूदा अमलेश्वर धनेश्वर साहू, झुमरपाली थाना सरायपाली कीर्तिचंद चौहान, जबलपुर एमपी शुभम श्रीवास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि महाराष्ट्र पासिंग एक्टीवा एमएच 12 एलजेड 7542 को बीटीआई कालेज दुर्ग मेन गेट के पास से, माह अप्रेल 2025 में जलतरंग बार के पास रिसाली से बाइक सीजी 07 सीएफ 7578, आई पाकेट मरोदा सेक्टर भिलाई से सीजी 07 बीके 4225 को पार करना स्वीकार किया। बाइक को चोरी कर उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में थाना नेवई के बैकुण्ठ धाम मंदिर के पीछे नर्सरी झाड़ी में वाहनों को छिपकर रखा गया था। आरोपी की निशानदेही पर वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने थाना पदमनाभपुर से 1, नेवई 2 और चार बाइक को जब्त किया। जामुल निवासी नितेश वर्मा की बाइक सीजी 07 डीएन 2984 को अज्ञात चोर पार कर दिया था।

## बजरंग दल ने बच्चों की प्रतिभा निखारने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



**भिलाई, 4 सितम्बर।** राष्ट्रीय बजरंग दल दुर्ग जिला की ओर से कैंप-2 में जिला मंत्री मनोज साव के निवास पर श्री गणेश उत्सव के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला मीडिया प्रभारी विजय कुमार उईके के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में मनोज साव एवं विजय उईके की सुपुत्री, भतीजियों सहित आस-पड़ोस के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए ड्राइंग कॉपी, रंग और पेंसिल की व्यवस्था की गई थी ताकि वे बिना किसी असुविधा के अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें। बच्चों ने विविध विषयों पर आकर्षक चित्रकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में कला, आस्था और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।

### डोम शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत

**भिलाई, 4 अगस्त।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा में एक कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठ धाम मंदिर के पास सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा की जाएगी।

### जिले में अब तक 728.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 4 सितम्बर ।** जिले में 1 जून 2025 से 03 सितम्बर 2025 तक 728.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1015.7 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 552.5 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 664.4 मिमी, तहसील अहिवारा में 749.2 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 637.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 753.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 03 सितम्बर 2025 को तहसील दुर्ग में 25.8 मिमी, तहसील धमधा में 3.1 मिमी, तहसील पाटन में 39.1 मिमी, तहसील बोरी में 10.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 7.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 6.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों पर टैक्स वसूलेगा रिसाली निगम

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली ने राजस्व बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निगम अब छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी से टैक्स वसूलेगा। निगम क्षेत्र में लगे बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर पोल का सर्वे कर कर निर्धारण किया जाएगा। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई परिषद बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। परिषद सदस्यों ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी निगम क्षेत्र की भूमि का उपयोग घरों तक कनेक्शन, स्ट्रीट लाइट और ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए कर रही है, इसलिए नियमानुसार निगम को कर प्राप्त होना चाहिए। महापौर शशि सिन्हा ने अधिकारियों को शीघ्र सर्वे कर टैक्स निर्धारण करने और कंपनी को डिमांड जारी करने के निर्देश दिए। सहायक राजस्व अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा ने बताया कि रिसाली



क्षेत्र में लगभग 10 हजार बिजली खंभे और 200 स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगे हैं। कर निर्धारण होने पर निगम को प्रतिवर्ष 8 से 10 लाख रुपये की अतिरिक्त आय होगी। बैठक में पार्षद जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। महापौर ने बैठक के बाद उन निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जिनकी राशि शासन से जारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्थल चयन से जुड़े विवाद परिषद की बैठक में लाकर शीघ्र निपटाए जाएं।

## इन तालाबों में निर्मित कुंड में कर सकेंगे मूर्ति विसर्जन



**भिलाई, 4 सितम्बर।** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार मूर्ति विसर्जन से जल स्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित न हो, इसके लिए नगर निगम भिलाई ने विशेष व्यवस्था की है। निगम ने शहर के चुनिंदा तालाबों में मूर्ति विसर्जन हेतु कुण्ड का निर्माण कराया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे इन्हीं कुण्डों में प्रतिमाओं का विसर्जन करें। निगम के अनुसार आलाबंद तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब, भेलवा तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नकटा तालाब, श्याम नगर कैंप-2 तालाब और जयंती स्टेडियम तालाब में विसर्जन कुण्ड बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त शिवनाथ नदी दुर्ग को भी विसर्जन स्थल के रूप में चिन्हांकित किया गया है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अन्य तालाबों में मूर्ति विसर्जन करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही पूजा सामग्री सीधे तालाबों में डालने से बचने की अपील की गई है, ताकि जल प्रदूषण और कचरा फैलाव को रोका जा सके।

## इच्छाओं पर नियंत्रण ही सच्चा तप है:आर्यिका

**भिलाई, 4 सितम्बर।** बिना तपे भोजन नहीं, बिना तपे सोना नहीं और बिना तपे कुछ भी सर्वश्रेष्ठ प्राप्त नहीं होता। उक्त उद्गार आर्यिका अक्षयमती ने जैन भवन नेहरू नगर में प्रवचन देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कर्म शरीर से नहीं, बल्कि आत्मा से बंधा होता है, इसलिए शारीरिक तप क्रियाओं के माध्यम से आत्मा को शुद्ध करने से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी सब कुछ तुरंत चाहती है, परंतु आज तक किसी को बिना मेहनत, पुरुषार्थ और तप के कुछ प्राप्त नहीं हुआ। यदि किसी



को सहज उपलब्ध भी हुआ है तो वह उसके पूर्व जन्म की तप साधना का फल है। तप से ही आत्म-साक्षात्कार, मानसिक शांति, स्थिरता और आध्यात्मिक विकास संभव है। पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के सातवें दिन जैन भवन में शांतिधारा का सौभाग्य श्रीमती सरोज, श्रीमती बबीता प्रदीप, श्रीमती बब्बी राजू, हर्षित, हर्षिता, यश, अंश जैन परिवार एवं श्रीमती प्रियंका राजीव, अनमोल, पंखुरी, आदित्य जैन परिवार को प्राप्त हुआ। रात्रिकालीन आरती में भक्तों ने भक्ति-नृत्य किया। युवा संघ ग्रुप द्वारा धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती ज्योति, श्रीमती मंजूषा, श्रीमती प्राची और श्रीमती निकिता जैन विजेता रही। कार्यक्रम में राजकुमार जैन, श्रीकांत जैन, गौरव जैन, सचिन जैन, रूपेश जैन, क्षितिज जैन, आनंद जैन, शुभम जैन, सुनीता दोषी, सुनीता जैन, वंदना जैन, सुधार जैन, सारिका जैन, रिम्पल पाटनी, रचना पाटनी, निधि जैन, खुशबू जैन, साधना जैन, ममता जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने मार्केट जोन बनाने दिए निर्देश

**भिलाई, 4 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जोन क्र. 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चंद्रा मोर्या अंडर ब्रिज, मार्केट ज़ोन, ओवरब्रिज, सेक्टर-02 छठ तालाब एवं संत करतार सिंह उद्यान का जायजा लिया। आयुक्त ने चंद्रा मोर्या अंडर ब्रिज का निरीक्षण कर बरसाती पानी की समस्या पर चर्चा की। उन्होंने ब्रिज के नीचे की ऊँचाई एक फीट बढ़ाने तथा दीवारों पर संदेशात्मक पेंटिंग



करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्रिज पूरी तरह खाली पाया गया। समीपस्थ चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने खाली स्थान पर मार्केट ज़ोन विकसित करने के निर्देश संबंधित अभियंता को दिए। वहीं, नेशनल हाईवे पर बने ओवरब्रिज की दीवारों और पिलरों पर स्वच्छता जागरूकता पेंटिंग की सराहना करते हुए आयुक्त ने दीवारों पर चिपके पोस्टरों को तत्काल हटाने को कहा। सेक्टर-02 छठ तालाब का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने मूर्ति विसर्जन पर रोक लगाने तथा उद्यान सुधार के निर्देश दिए। संत करतार सिंह उद्यान का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को आदेशित किया। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे उपस्थित रहे।

## बिचपुरिया ने किया आनंद नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भिलाई, 4 अगस्त।** आनंद नगर में सड़क क्रमांक 10 पर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह कार्य पार्षद मुकेश अग्रवाल द्वारा निगम में की गई अनुशंसा को स्वीकृति मिलने के बाद प्रारंभ हुआ है। भूमि पूजन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं वर्तमान में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया ने आम जनों की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद मुकेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की सुशासन एवं विकास नीति की सराहना की। अपने उद्बोधन में बिचपुरिया ने कहा कि भाजपा सरकार आनंद नगर के चौतरफा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में अन्य योजनाओं को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने पार्षद मुकेश अग्रवाल के निरंतर प्रयासों



की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में आनंद नगर सोसाइटी के अध्यक्ष बिहारी लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) वैष्णव, शर्मा, द्विवेदी, नागपुरी, श्रीमती सोनी, श्रीमती परासर सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## रामभक्तों का जत्था ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना

**दुर्ग, 4 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना' के तहत आज दुर्ग जिले से रामभक्तों का एक बड़ा जत्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जय श्री राम नारों से गूंजता दुर्ग रेलवे स्टेशन से 185 श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से रवाना किया गया।

दुर्ग रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं से भरी स्पेशल ट्रेन को पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे ने



श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या यात्रा के लिए ट्रेन पहले राजनांदगांव से रवाना होकर दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत फूल मालाओं और गाजे-बाजे के साथ किया गया। यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। रवाना होते समय श्रद्धालुओं को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' की प्रतियां भी भेंट की गईं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री बजरंग दुबे, नगर निगम दुर्ग आयुक्त श्री सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा एवं श्री उत्तम ध्रुव, जनपद सीईओ श्री रूपेश पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व रेलवे विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आबकारी अमले ने कार सहित 52 हजार की शराब जब्त की



**दुर्ग, 4 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के दिशा-निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी श्री सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में 02 सितम्बर 2025 को गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग वृत्त-भिलाई क्रमांक-02 के द्वारा अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने पर त्वरित विधिवत कार्यवाही कर आरोपी परमजीत सिंह गिल उर्फ पम्मा स्थान स्ट्रीट 01 शांति नगर पीएस वैशाली नगर दुर्ग के कब्जे से मध्यप्रदेश राज्य में विक्रय हेतु अधिकृत 24 नग बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की, 50 नग पाव मैक्डॉवल नम्बर वन व्हिस्की एवं 200 नग पाव गोवा कुल मात्रा 63 बल्क लीटर जिसका बाजार मूल्य 52,240 रुपये है तथा एक सफेद रंग की आई 20सी कार सी.जी. 04 एलसी 4534 जिसका मूल्य लगभग 5 लाख, कुल कीमत लगभग 5,52,240 रूपये जप्त किया गया।मौके पर आरोपी के कब्जे से अत्यधिक मात्रा में विदेशी शराब पाए जाने एवं आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का उल्लघंन किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 36, 59(क) में दर्ज कर गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस प्रकरण की विवेचना सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा द्वारा की जा रही है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर, आबकारी मुख्य आरक्षक भरथरी, आबकारी आरक्षक डी.पी. पटेल, संदीप तिर्की, चितेश्रवरी ध्रुव एवं ड्राइवर दीपक राजू का योगदान रहा।

## विश्व शांति-विश्व पदयात्रा टीम ने छत्तीसगढ़ के 33 में से दो जिलों की यात्रा पूरी की

**दुर्ग, 4 सितंबर ।** 'डैंजर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी' के सदस्य और गिनीज बुक, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम, जिसमें श्री अवध बिहारी लाल, श्री जितेंद्र प्रताप, श्री महेंद्र प्रताप और श्री गोविंदा नंद शामिल हैं, छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में जागरूकता अभियान चला रही है। उक्त टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशो में 04 लाख 52 हजार किमी की विश्वशांति विश्वपदयात्रा पूरी की जा चुकी है। इस विश्वशान्ति विश्वपदयात्रा के दौरान इन्होंने वर्ष 2018 में दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट बेस कैम्प की यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न की। टीम द्वारा अब तक 14 करोड़ 50 लाख पौधो का वृक्षारोपण भी कराया जा चुका है और टीम विभिन्न स्कूलो, कालेजो, गाँवो एवं सार्वजनिक स्थानों में जाकर जनजागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए स्थलीय निरीक्षण भी कर रही है। यह टीम भारत के लगभग 600 जनपदों की यात्रा कर चुकी है, जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्य के जनपद शामिल हैं। इसी क्रम में, इन्होंने छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से दो जिलों की यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान टीम द्वारा दुर्ग जिले के जनपद दुर्ग में 1 से 3 सितंबर 2025 तक 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के द्वारा युवाओं को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाआ, मतदाता जागरूकता से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा की शुरूआत जनपद लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के श्री अवध बिहारी लाल द्वारा 30 जुलाई 1980 को शुरू की गयी थी। रात में आयी अचानक भयंकर बाढ़ के कारण श्री अवध बिहारी लाल का पूरा परिवार जलमग्न हो गया था। श्री अवध बिहारी लाल वहाँ मौजूद एक बरगद के वृक्ष को पकड़ कर कई घन्टो तक भयंकर बाढ़ से लड़ते रहे। जिले की रेस्क्यू टीम एवं भारतीय सेना के जवान जब वहां पहुँचे ।

एक नजर

## ट्रेनिंग से लौटे जवान का ग्रामीणों ने स्वागत किया



**भखारा, 4 सितंबर।** सीआरपीएफके ट्रेनिंग पूरा कर लौटे जवान गुलशन साहू का परिजनों और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए सिपाही गुलशन साहू भव्य स्वागत किया है। ज्ञात हो कि तुलाराम साहू के सुपुत्र गुलशन साहू पिछले छः महीने पहले सीआरपीएफमें सलेक्ट हुए थे और ट्रेनिग के लिए रवाना हुए थे।जवान गुलशन साहू अपनी ट्रेनिंग पूरी कर अपने गृह ग्राम रामपुर पहुंचा। जवान के आने की जानकारी मिलने पर उपसरपंच उत्तम रात्रे ने उन्हें फूलमाला पहना कर श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। एवं युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर देश सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही है।

## अस्थायी पंडाल की अनुमति के लिए आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को किया अधिकृत

**रायपुर, 4 सितंबर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों स्थित सार्वजनिक खुले मैदान, सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ चौराहे या सार्वजनिक खुले स्थान आदि पर पंडालो / अस्थाई संरचनाओं के निर्माण की अनुमति के संबंध में सड़को में बाधा का प्रतिषेध एवं नगर पालिक अधिनियम 1961 की धारा 223 अंतर्गत आवश्यक प्रावधान किये जाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ नगर पालिक सडकों, फुटपाथो आदि पर पंडालों/ अस्थाई सरंचनाओं/धरना /जुलूस/सभा/रैली की अनुमति हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये है। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा सभी जोन कमिश्नरों को उनके जोन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सडकों, फुटपाथो आदि पर पंडालों/अस्थाई सरंचनाओं/धरना/जुलूस /सभा/रैली के अनुमति हेतु उक्त दिशा-निर्देश का शत- प्रतिशत पालन करते हुए व्यक्ति, संस्था, समिति या संगठन को अनुमति जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अनुमति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित जोन कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

## बलौदाबाजार जिले में अब तक 650.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 3 सितम्बर 2025 तक 650.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 848.2 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 545.6 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील पलारी में 747.8 मिमी, टुण्डरा 714.1 मिमी, भाटापारा 654.8 मिमी, सिमगा 610.4 मिमी, सोनाखान 589.4 मिमी, लवन 578.5 मिमी,कसडोल 545.6, सुहेला 848.2मिमी एवं बलौदाबाजार 566.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 5855.5 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 650.6 मिमी है। 3 सितम्बर 2025 को 285.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 31.7 मि.मी.है। तहसीलवार में बलौदाबाजार 51मिमी, लवन 47 मिमी, कसडोल 38.6 मिमी, पलारी 37.4 मिमी, भाटापारा 26.9 मिमी, सिमगा 26.6 मिमी, टुण्डरा 24 मिमी, सुहेला 21.5 मिमी एवं सोनाखान 12.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

## रजत महोत्सव पर शिविर में लोगों ने किया रक्तदान



**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल मे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें 12 छात्राएं और 41पुरुष सहित कुल 53 यूनिट रक्त दान किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी,सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा,खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अज्जगले के निर्देशन मे लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।दौलत राम शर्मा कॉलेज,सीएचसी कसडोल स्टाफ एवं आसपास गांवों के नागरिकों का विशेष योगदान रहा।

## बिटकुली शिविर में 52 श्रमिकों का पंजीयन

**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन तथा नवीनीकरण हेतु ग्राम पंचायत बिटकुली में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने हेतु अपील की गई। इस दौरान श्रम विभाग से कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अंनत, विरेन्द्र बोइरबंश, बिटकुली सरपंच हेमंत कोसरे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बेहतर प्रशिक्षण लेकर ग्राम स्तर पर लोगों को दें अभियान की जानकारी : कलेक्टर

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की पहल आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण क़ा शुभारम्भ बुधवार को बलौदाबाजार स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में हुआ। जिला स्तरीय मास्टर ट्रैनर निर्धारित तिथि अनुसार लगभग 184 विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रैनर को प्रशिक्षण देंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान की शुरआत सरकार ने बड़े लक्ष्य के साथ की है और इस लक्ष्य को हासिल करने सभी को गंभीरता से काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वकआत्मसात करें ताकि ग्राम स्तर तक लोगों को बेहतर जानकारी मिल सकें। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण के बाद ग्राम स्तर तक भी प्रशिक्षण होग़ा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक योजना नहीं है बल्कि सामुदायिक सहभागिता है जिसमें सामुदायिक सहभागिता से शासकीय योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अभियान के तीन मूल घटक है जिसमें सेवा, समर्पण और संकल्प शामिल है। इस अभियान को मिशन मोड़ में काम करते हुए जनांदोलन का स्वरुप देना है। शुरुआत में जनजातीय बाहुल्य 46 गांव में योजनाओं का संतृप्तिकरण करना है एवं आगामी दिनों में सभी 519 पंचायतों एवं नगरीय निकाय तक ले जाना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार पहल कर रहे हैं। इस अभियान से जनजातीय परिवारों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचेगी और अपने अधिकार के लिए जागरूक होंगे।जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से अभियान के जिला नोडल अधिकारी विजयलक्ष्मी तारा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाना है। हम सभी को पारदर्शिता व निष्ठापूर्वक कार्य करना होग़ा ताकि योजनाओं का लाभ आदिवासी परिवारों तक पहुंच सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजदास मानिकपुरी सहित सरपंच एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

## निःशुल्क आयुष मेला एवं जागरूकता शिविर का लाभ 512 लोगों ने उठाया



**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ रजत जंयती महोत्सव के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा बुधवार को आयुष्मान अरोग्य मंदिर देवसुन्द्रा के माध्यम से वार्ड क्रमांक-6, तारण चौक पलारी में विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष निःशुल्क स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 512 रोगी लाभांवित हुए जिसमें रोगियों का ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की गई एवं आहार-विहार की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को गैर संक्रामक रोगो के कारण लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी, योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या के पालन के संबंध में बताया गया और साथ ही शिविर में उपस्थित रोगियों को औषधि का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिन्टू वर्मा, पूर्व एल्डरमेन शेर खान, शिविर प्रभारी डॉ.रजनी ध्रुव एवं डॉ. तारिका ठाकुर, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ. नेकदत्त, डॉ. मेघा बंजारे, द्वारिका पैकरा, सीताराम सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले के सभी विकासखण्डों में फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट शुरू

### वैज्ञानिक पद्धति से अपशिष्ट पदार्थों का होगा निपटान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत फिक्कल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का संचालन जिले के सभी पांचो विकासखण्डों में शुरू की गई है। वैज्ञानिक पद्धति से अपशिष्ट पदार्थों का निपटान होने से गांव - मोहल्ले में स्वच्छ वातावरण बनने के साथ ही पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी, कसडोल के छरछेद, सिमगा के सुहेला, बलौदाबाजार के सकरी और पलारी के ओडान में फिक्कल स्लज मैनेजमेंट यूनिट स्थापित किया गया है।इन यूनिटों से लंबे समय से चली आ रही टॉयलेट टैंकों व गड्ढों में जमा मानव मल और गंदगी के सुरक्षित निपटान की समस्या का समाधान हुआ है। इस वैज्ञानिक पद्धति से भूजल दूषित होने, दुर्गंध फैलने और बीमारियों का खतरा कम होगा। गांव-गलियों में स्वच्छ वातावरण बनने के साथ ही पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। इस कार्य में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों का योगदान सराहनीय रहा।



# अनियमितता पर 6 कृषि केंद्रों को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में कृषि आदान भण्डारण वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के निरीक्षकों द्वारा लगातार कृषि केंद्रों का निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को कृषि विभाग की टीम ने कृषि सेवा केंद्रों में दबीश दी और अनियमितता पाए जाने पर 6 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बलौदाबाजार निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा कुनाल कृषि केंद्र सेम्हराडीह, ग्राम कसियारा में शिवानी कृषि केंद्र एवं राजाराम कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय केंद्र में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची संधारित नहीं पाया गया, केश मेमो एवं स्कंध पंजी भी निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। जिस पर विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह सिमगा विकासखण्ड के निरीक्षक जयइंद्र कंवर द्वारा साहू कृषि सेवा केंद्र दामाखेडा, ग्राम तुलसी में गौरव कृषि केंद्र एवं साहू खाद भण्डार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में कालातीत कीटनाशकों का उचित संधारण नहीं पाया गया।समस्त कीटनाशकों का स्तोत्र प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया, केश मेमो निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। जिस पर विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। सिमगा में संचालित सोनकर कृषि केंद्र एवं किसान कृषि केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए है। विकासखण्ड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा ग्राम गिधौरी में संचालित भारत कृषि केंद्र एवं साईं कृषि केंद्र का निरीक्षण कर शासन के नियमानुसार ही कृषि आदान विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया।



## नवरात्रि मेले के तैयारी के संबंध में 11 को बैठक

**राजनांदगांव 4 सितम्बर।** माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर 2025 से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में 11 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

## पदयात्रियों की सुविधा के संबंध में 13 को बैठक

**राजनांदगांव 4 सितम्बर।** माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर 2025 से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में पदयात्रियों की सुविधा व्यवस्था हेतु अंजोरा से अछोली डोंगरगढ़ तक सेवा केन्द्रों की स्थापना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में 13 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे डोंगरगढ़ में बैठक आयोजित की गई है।

# पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति बच्चों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 04 सितंबर।** 03.09.2025 को हाई स्कूल हथबंद में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में, यातायात पुलिस बल सिमगा द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस बल द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बॉये दिशा का प्रयोग करे, चलने के लिए फूटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दॉये-बाये से कोई वाहन, जानवर तो नहीं आ रहा है, सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े , वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे, स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें, उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता देवे। यातायात नियमों के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नाबालिग छात्र-छात्राऐं वाहन न चलाए, वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी पर जुर्माना किया जाता है। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार दोनों को हेलमेट धारण करना एवं चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है, बताकर यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार-भाटापारा, 04 सितंबर।** ईश्वर प्रसाद साहू निवासी ग्राम सुढेला द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी किशोर कुमार शर्मा द्वारा (बीईओ) ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग तिथियों में कुल 10 लाख रुपए लेकर ठगी किया गया है। रुपए देने के पश्चात आरोपी द्वारा प्रार्थी को विश्वास में लेने के लिए केंद्र शासन भारत शिक्षा विभाग नई दिल्ली का बी.ई.ओ. का नियुक्ति पत्र भी दिया गया था। इसके साथ ही आरोपी द्वारा प्रार्थी के अन्य रिश्तेदारों से भी नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग कुल 04 लाख रुपए लिया गया है। इस प्रकार आरोपी किशोर कुमार शर्मा द्वारा शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर कुल 14 लाख रुपए की ठगी किया गया है। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 729/2024 धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी किशोर कुमार शर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बेरोजगार युवकों को झांसे में लेकर शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर उनसे कुल 14 लाख रुपए की ठगी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 03.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- किशोर कुमार शर्मा उम्र 65 साल निवासी ग्राम शिवनी (नैला) जांजगीर चांपा वर्तमान निवासी वैष्णवी विहार उसलापुर थाना सकरी जिला बिलासपुर।

## पावस प्रसंग में बिखरी शास्त्रीय नृत्य-गीत की छटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 4 सितंबर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावस प्रसंग के दूसरे दिन मुक्ता काशी मंच पर बिखरी जोरदार शास्त्रीय नृत्य- गीत संगीत की छटा। नन्ही नृत्यांगनाओं सहित बहत्तर वर्षीय सुरेश दुबे,शफीक हुसैन की सारंगी वादन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पावस प्रसंग में शामिल कलाकारों का सम्मान छत्तीस छटा के संस्थापक वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने किया। उन्होंने युवा पीढ़ी के उभरते कलाकारों को बधाई देते हुए सतत रियाज रिहर्सल करने पर जोर दिया। रायपुर की पन्द्रह वर्षीया कथक नृत्यांगना आशना दिल्लीवार ने शिव वंदना, राग मिया मल्हार पर नृत्य,लखनऊ घराने का तराना,त्रिताल में तत्कार का मोहक प्रदर्शन किया। सुमधुर शास्त्रिय गायिका स्वाति तिवारी ने बनारस घराने की ठुमरी,झूला गीत से राधा- कृष्ण के झूला उत्सव को जीवंत किया। कार्यक्रम में चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र राजनादगांव के डॉ कृष्ण कुमार सिन्हा के निर्देशन में गंगा अवतरण को सूर ताल नृत्य से चित्रित किया गया।

## स्वार्थ हावी होने से परमार्थ समझ नहीं आता : मनीष सागरजी महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 4 सितंबर।** टैगोर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रचवनमाला में बुधवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि स्वार्थ परायण,भोग परायण नहीं बनना है। धर्म कार्य में सीमित नहीं रहना है। मोक्ष की साधना करना है। इन चार पुरुषार्थ में मोक्ष का पुरुषार्थ सबसे उच्च है। स्वार्थ हावी होने से परमार्थ समझ नहीं आता। साधना की वृद्धि से ही आत्म शुद्धि होगी। साधना परायण बनाना होगा। साध्य को पाने के लिए साधना करना है। साधना से साधक का साध्य मोक्ष हासिल करना होना चाहिए। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मन में स्वार्थ भर जाता है तब धर्म दूर हो जाता है। स्वार्थी व्यक्ति हमेशा अपना हित ही करता है। सबसे पहली गलती वह स्वयं को भूल जाता है। उसे झूठा स्व सच्चा स्व लगता है। मैं कौन हूं, मेरा कौन है यह भूल जाता है। स्वार्थी व्यक्ति केवल आत्म केंद्रित हो जाता है। सच्चे स्व- अर्थी परमात्मा है। परमात्मा ने सच्चे स्व को पहले तलाश किया। सच्चे स्व का हित कैसे होता है उसके लिए पूरा पुरुषार्थ झौंक दिया।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमने भूल की और झूठा स्व को सच्चा स्व मान लिया है। देह को स्व मान बैठे और आत्मा को भूल गए। झूठे स्व का हित कर पूरे पुरुषार्थ में पानी फिर जाता है। हम झूठे स्व को सच्चा स्व बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जितना हम झूठे स्वार्थी होते जाते हैं। उतना सच्चे स्व की पहचान कराने वाले से दूर होते रहते हैं। आत्मा की बात बोझिल लगती है। आत्म कल्याण कराने वालों के प्रति रुचि नहीं आती है। जिन वाणी के प्रति समर्पण नहीं आता ।

# आदि कर्मयोगी अभियान : मास्टर ट्रेनर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**उत्तर बस्तर कांकेर 04 सितम्बर।** आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज हस्तशिल्प कला बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी ने कहा कि हमारा जिला विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य किए जा रहे हैं। आदि कर्मयोगी अभियान में भी हमारा जिला अग्रणी बने, इसके लिए सभी लोग उत्कृष्ट कार्य करें। कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान एक अच्छा अभियान है। इसके माध्यम से हम दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी सरकार योजनाओं से जोड़ सकते हैं। सभी लोग उत्साहपूर्वक कार्य करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करें।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत कांकेर जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल किए गए हैं। अभियान के तहत् जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स तथा ग्राम स्तर पर कैडर अशासकीय संस्थाएं, स्व-सहायता समूह, पंचायत सचिव, युवा, पंच, फ्रंटलाईन कर्मचारी, एवं सेवाभावी संगठन, स्वयंसेवक तैयार किये जाएंगे। ये सभी जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाओं जैसे- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं जैसे- आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों के विकास हेतु ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

# पालिका परिषद अध्यक्ष ने किया रामलीला मैदान का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 4 सितंबर।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान आगामी रामलीला आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया, जिसमें मंच, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया गया।

अध्यक्ष शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या कमी का त्वरित और प्रभावशाली समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारे गौरवशाली धर्म, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इसे भव्य एवं सुरक्षित रूप से आयोजित करना हमारा कर्तव्य है, ताकि हर श्रद्धालु और नगरवासी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ इस दिव्य आयोजन का आनंद ले सके। साथ मे नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति मनीष मिश्रा पार्षद सतीश साहू भुवन सिंह ठाकुर ठाकुर राम साहू ,गोपी ध्रुव आयोजन समिति से संदीप मल देवनारायण शर्मा बजरंग लाल चौरसिया ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान इंजीनियर कमलेश साहू पूर्णेन्दु त्रिवेदी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# टैक्स राहत से फायदे ही फायदे

परिवार हो या देश हो उसके सामने कई बार आर्थिक संकट आते हैं। ऐसे में संकट के हिसाब से क्या करना है,सोचा जाता है, तैयारी की जाती है, और संकट के समाधान का कोई न कोई रास्ता मिल भी जाता है। अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ बढ़ा दिया है, इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत ज्यादा न सही कुछ तो बुरा असर पड़ना है। इसके लिए जरूरी था कोई ऐसा कदम उठाया जाए जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत हो और देश के लोगों को भी फायदा हो। इसके लिए पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ही जीएसटी में बड़े बदलाव की घोषणा कर दी। जीएसटी काउंसिल ने बैठक में उन्हें मंजूरी दे दी है। सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ 11 घंटे चली बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश को बताया कि जीएसटी में चार स्लैब की जगह दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत होंगे तथा 28 और 12 प्रतिशत स्लैब को समाप्त कर दिया गया है। इसके दायरे में जो आयटम थे उनको 5 और 18 में मर्ज कर दिया है। इससे रोटी पराठा से लेकर आम उपभोग की अधिकतर वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। नई टैक्स दरें 22 सिंतबर से लागू होंगी। वित्त मंत्री के मुताबिक कैंसर सहित 33 जीवन रक्षक दवाइयों पर अब जीएसटी नहीं लगेगा। लाइफ व हेल्थ इंश्योरेंस जीएसटी मुक्त होगा। जीएसटी में बदलाव का असर आम आदमी पर यह होगा कि उसका मासिक खर्च कम होगा। देश के लोग चाह भी रहे थे कि टैक्स में उसको राहत मिलनी चाहिए, वह उनको मिल जाएगी। टैक्स कम होने से लोगों की बचत बढ़ेगी तो इसका फायदा बाजार को होगा। आने वाले समय त्यौहार का है तो सारी बचत बाजार में खरीदारी पर खर्च होगी इससे मांग बढ़ेगी मैन्यूफैक्चिरिंग सर्विस सेक्टर तक बूम करेंगे। जीएसटी की प्रक्रिया आसान बनाए जाने से करोड़ो व्यवसायियों को फायदा होगा इससे मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।माना जा रहा है कि देश में टैक्स घटने से दो लाख रुपए की खपत बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार बनी रहेगी,भारत वैश्विक निर्यात का केंद्र बनेगा। इसका फायदा त्यौहार में लोगों को होगा तथा बिहार चुनाव में इसका राजनीतिक भाजपा को होगा।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें और अपनी किसी भी शारीरिक समस्या को यदि आपने दबाया, तो बाद में वह आपके लिए कोई नई समस्या खड़ी कर सकती है। आपको अपने सगे संबंधियों से भी मिलने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी, जिससे दोनों एक दूसरे के लिए के साथ कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी किसी से अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आप अपने भाई और बहनों से काम को लेकर कोई मदद ले सकते हैं। आज आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। राजनीतिक की ओर कार्यरत लोगों को किसी काम को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं होना है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की पूरी कोशिश करेंगे, जिस कारण आप अच्छे खान-पान में कुछ नई चीजों की भी खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने कामों में कोई बदलाव न करें। लंबे समय से चली आ रही कड़वाहट को भी मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की सोच सकते हैं, आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। साझेदारी में आप किसी नए काम की शुरुआत करने की सोच सकते हैं। आप अपने साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी से काम को लेकर कुछ मदद लेनी पड़ सकती है, जो आपको आसानी से मिल जाएगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। दांपत्य जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलें, तो आपको भाई व बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन वह आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बना सकते हैं। आपको नौकरी में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो आप किसी दूसरे जगह अप्लाई करने की सोचेंगे।

**कन्या** आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी के लिए भी आप कोई गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। यदि आपको कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर कोई समस्या है, तो उसके लिए आप अपने बॉस से बातचीत अवश्य करें, जिससे आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप अपने बिजनेस को कहीं बाहर तक ले जाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। नौकरीपेशा लोग अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। संतान की सेहत में गिरावट आ सकती है, जो आपको समस्या देगी। आपका किसी पारिवारिक मामले को लेकर मन परेशान अधिक रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज आपके मन में किसी काम को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखना होगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने कामों को थोड़ा ध्यान रखना होगा और आप अपने गुस्से को कंट्रोल करने की पूरी कोशिश करें। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। बिजनेस में आपको किसी समस्या को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत करनी होगी, तभी आप किसी काम में आगे बढ़ें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामों को कल पर टालने से बचें। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, जिसे आप अपने पिताजी से शेयर कर सकते हैं। आपका कोई काम पूरा न होने में समस्या आ रही थी, तो वह पूरी हो सकती है। आप अपने आस पड़ोस में किसी को बिना मांगे सलाह न दें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप कोई निवेश करेंगे, तो उसमें आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खानपान की आदतों में बदलाव लाएं। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा और आपके मन की इच्छा के पूर्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वैवाहिक जीवन में आपसी समानता बनी रहेगी। आज आपको काम को लेकर भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए चुनौती से भरा रहने वाला है। आपको अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। आध्यात्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको अपने कामों को समय से निपटाने की आवश्यकता है। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। विद्यार्थी किसी नौकरी से संबंधित कोर्स की परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

**मीन** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए कामों में भी आपको सफलता मिलेगी। नौकरी के लिए भी कोई अच्छा ऑफर आ सकता है। माता-पिता से किसी संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखें। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

# सपनों को संवारने वाला शिल्पकार है शिक्षक

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**



प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर विचारों की छलछलाती सोच कुछ नया लिखने की प्रेरणा प्रदान करती महसूस की जाती है । मैं अपने शिक्षकीय अनुभव पर कुछ लिखूं या फिर मेरे अपने गुरुओं की महिमा का गान करूं , समझ पाने में असमर्थ हूं । कभी यह विचार भी मन में उठने लगते हैं कि ऐसे कौन से कारण हैं जिनके चलते आज के कुछ शिक्षक इस महान पेशे को कलंकित कर जाते हैं ? क्या आज की सम्मानजनक वेतन प्रणाली ने ऐसे शिक्षकों के जीवन में अमर्यादित आचरण का बीजारोपण किया है ? आर्थिक संपन्नता के चलते ही कहीं शिक्षकीय पेशा अपने कर्तव्य से विमुख तो नहीं हो रहा है ? ऐसे सवाल अंतर्मन में इसलिए हिलोरे मार रहे हैं कि आज से लगभग आधी शताब्दी पूर्व इस महत्वपूर्ण पेशे में संलग्न लोगों को मिलने वाला वेतन पारिवारिक जरूरतों के लिए अपर्याप्त था , किंतु शिक्षकों का आचरण वास्तव में गुरुओं की श्रेणी का हुआ करता था । वर्तमान समय में कुछ लोगों के कारण इस पेशे में आई सामाजिक गिरावट ने यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या आज भी शालाओं को गुरुकुल का पर्याय माना जा सकता है ? मेरी आत्मा से निकला उत्तर नकारात्मक जान पड़ता है ! शिक्षक दिवस के दिन इन बदली हुई परिस्थितियों में बहुत कुछ ऐसा लिखा जा सकता है जो भारतीय संस्कृति को नागवार गुजरता हो । एक शिक्षक के रूप में इस सेवा को स्वीकार करने वाले व्यक्ति को एक नहीं अनेक पैमानों पर खरा उतरना पड़ता है । अपनी छवि गुरु के रूप में स्थापित करने का सपना उसी दशा में पूरा हो सकता है , जब एक शिक्षक सबसे पहले अपने रहने और कपड़े पहनने के तरीकों का भलीभांति ध्यान रखें । यह भी ध्यान रखने वाली बात है कि जब भी एक शिक्षक अपनी कक्षा में प्रवेश करे , वह खुद को पूरे अनुशासन की परिधि में तौल ले । कारण यह कि हर विद्यार्थी अपने शिक्षक को अपना आदर्श मानता है । एक शिक्षक द्वारा पढ़ाई गई विषय सामग्री बच्चों के मस्तिष्क पर व्यापक प्रभाव छोड़ती है । आगे चलकर यही शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में महती भूमिका निभाती है । इसी कारण कहा जाता है " शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता है ।" जब हम शिक्षक के रूप में एक अच्छे व्यक्तित्व की बात करते हैं तो हमारे मस्तिष्क में अपने जीवनकाल के सबसे अच्छे शिक्षक की तस्वीर घूमने लगती है । यह तस्वीर इसलिए हमारे सामने आती है , क्योंकि हमने उस शिक्षक से वह सब कुछ सीखा है जिसके चलते आज सम्मानजनक स्थान पर खड़े हैं । वही एक अच्छा शिक्षक माना जा सकता है, जो खुद को कुछ बोलने से पहले तौलता हो ,कि उसकी वाणी का प्रभाव सकारात्मक होगा या नकारात्मक ? एक शिक्षक का बेहतरीन व्यक्तित्व उसके बोलने के तरीके पर निर्भर करता है । एक शिक्षक का बेहतरीन वक्ता होना ही वह गुण है जिसके चलते उसके विद्यार्थी उसे पसंद करने लगते हैं । प्रत्येक शिक्षक को यह स्मरण रखना चाहिए कि वह अपने विद्यार्थियों से " बिना सिर पैर " की बात न करे । ऐसे शिक्षक विद्यार्थियों के प्रेरणा स्त्रोत नहीं हो सकते । वर्तमान समय तेजी के साथ परिवर्तन के मार्ग पर अग्रसर है । आज के बच्चों का जीवन जीने का तरीका पहले की तुलना में पूरी तरह बदल चुका है । खास कर आज की किशोरवय और युवा पीढ़ी की सोच का अध्ययन कर उन्हें शिक्षित करना बड़ी चुनौती है । वर्तमान पीढ़ी जिसमें युवक - युवती दोनों ही शामिल हैं , उन्हें किसी काम में किसी अन्य का हस्तक्षेप बर्दास्त नहीं ! फिर वह उनके माता - पिता सहित शिक्षक ही क्यों न हों ! ऐसी परिस्थिति में शिक्षकों का कर्तव्य और अधिक बढ़ जाता है कि उनके विचारों में घुल - मिल चुकी विषमता को कैसे बाहर निकालें ? यदि एक शिक्षक ही व्यसन के कुचक्र में पड़कर अपनी कक्षाओं में प्रवेश करेगा तो क्या वह अग्नि में घी डालने जैसा नहीं होगा ? तब हमें विचार करना होगा कि हम डॉ . सर्वपल्ली राधाकृष्णन के उच्च विचारों को अपने हृदय में कैसे स्थान प्रदान करें ? एक अध्यापक शिक्षण प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है । यह कल्पना भी नहीं की जा सकती है कि एक अध्यापक के बिना शिक्षा की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है । प्रत्येक शिक्षक इस बात को जानता है कि उसका काम न केवल छात्रों को शिक्षा प्रदान करना है , बल्कि उन्हें आने वाले कल के लिए तैयार भी करना है । तब वर्तमान का शिक्षक खुद को एक ऐसा उपकरण क्यों नहीं मान रहा है , जो उच्च स्तरीय वस्तुओं का उत्पादन कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में सक्षम रहता है । आज एक शिक्षक की चुनौती पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है । कारण यह कि अब जमाना " गूगल " का है ! हर छात्र गूगल और किताबों के माध्यम से अपने ज्ञान को अपडेट करता रहता है । तब एक शिक्षक को हर परिस्थिति में अपने विद्यार्थियों के सवालों का सटीक जवाब देने खुद को अपडेट रखना होगा । " शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था का हृदय है । " उसके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही जीवन प्रकाशवान हो सकता है । हमें यह स्वीकार करना होगा कि अब शिक्षक का कार्य बोर्ड पर दो चॉक लेकर खड़ा होना ही नहीं रह गया है बल्कि अपने विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से वह सब कुछ प्रदान करना है जिसकी उम्मीद एक शिक्षक के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी चाहती है । समाज निर्माण की भूमिका में आज तैनात समस्त शिक्षकों को यह समझ लेना चाहिए कि " एक किताब , एक कलम , एक बच्चा और एक शिक्षक " पूरी दुनिया बदलने की क्षमता रखते हैं । वास्तव में कहा जाए तो आज जरूरत इस बात की है कि एक अध्यापक खुद को केवल शिक्षक नहीं बल्कि यह मानकर काम करे कि वह जागरूकता पैदा करने की बड़ी मशीन है । शिक्षकों का प्रभाव केवल कक्षा की चहार दीवारी तक ही नहीं उससे भी आगे भविष्य निर्माण तक विस्तृत है । हमारे देश के महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम कहा करते थे - " शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है , जो व्यक्ति के चरित्र , क्षमता और भविष्य को आकर देता है । यदि लोग मुझे एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद रखें तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा ।" एक सच्चा शिक्षक अपनी महानता से आपको प्रभावित नहीं करना चाहता बल्कि वह आपको यह एहसास कराना चाहता है कि आपके पास स्वयं को खोजने का कौशल है । हमारे राष्ट्र निर्माता को यह याद रखना होगा कि एक प्रतिभाशाली शिक्षक न केवल आज के बच्चे की जरूरतों को पूरा करने वाला माध्यम है बल्कि हर बच्चे के भविष्य में आशाओं और सपनों को संवारने वाला बड़ा शिल्पकार भी है । साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि एक अच्छा शिक्षक ही अपने विद्यार्थियों में आशा का बीज बो सकता है । उनके अंदर अंकुरित हो रही कल्पना को प्रज्ज्वलित कर सकता है । एक शिक्षक ही विद्यार्थियों में सीखने के प्रति जीवटता और जुनून पैदा कर सकता है । इसी कारण शिक्षा को " संजीवनी और शिक्षक को हनुमान " कहा जाता है ।




# शिक्षक ज्ञानवान ही नहीं, चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण करें

**ललित गर्ग -**



शिक्षक ही सभ्यता और संस्कृति के असली शिल्पी होते हैं। विज्ञान, तकनीक और राजनीति चाहे जितनी प्रगति कर लें, यदि शिक्षा और शिक्षक दिशा न दें तो मानवता दिशाहीन हो जाती है। इसी कारण 5 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को होता है, जो भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य समाज में शिक्षक के महत्व, उनके योगदान और मार्गदर्शक भूमिका को सम्मान देना है। यह अवसर विद्यार्थियों और समाज को याद दिलाता है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं बल्कि आदर्श, प्रेरक और चरित्र-निर्माता भी होते हैं। आज जबकि नया भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत निर्मित हो रहा है, तब शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रासंगिक हो गयी है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को आंध्र प्रदेश के तिरुत्तनी में हुआ था। वे एक महान दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक और राजनेता थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया। उनकी पुस्तकें 'इंडियन फिलोशॉफी' 'दी हिन्दू व्यूह ऑफ लाइफ' और 'दी आइडलिस्ट ऑफ लाइफ' विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हुईं। वे 1952 से 1962 तक भारत के उपराष्ट्रपति और 1962 से 1967 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। उन्हें 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके कुछ शिष्यों और मित्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की। इस पर उन्होंने विनम्रता से कहा कि यदि आप लोग मेरे जन्मदिन को विशेष रूप से मनाना चाहते हैं तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाइए। तब से ही 5 सितम्बर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डॉ. राधाकृष्णन का संदेश यही था कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान करना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है। निश्चित ही शिक्षकों का यह सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य का घोषणापत्र है।

यह दिवस राष्ट्र को शिक्षा, विज्ञान, शांति एवं प्रगति का सन्देश देने के लिए कृत संकल्पित है। भारत का इतिहास शिक्षा की गौरवमयी परंपरा से जुड़ा है। प्राचीन समय से भारत शिक्षा का बड़ा केन्द्र रहा है और उसने संसार में जगतगुरु की भूमिका निभाई है।

नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने भारत को जगतगुरु का दर्जा दिलाया। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने कहा था-''व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है और यह केवल निःस्वार्थी एवं जागरूक शिक्षक ही कर सकता है।'' यह वाक्य हमें याद दिलाता है कि शिक्षक केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। प्राचीन भारतीय दृष्टि में शिक्षा का उद्देश्य 'सा विद्या या विमुक्तये' रहा है, अर्थात् शिक्षा वही है जो मुक्ति दिलाए। लेकिन आधुनिक परिप्रेक्ष्य में यह 'सा विद्या या नियुक्तये' बन गई है अर्थात् शिक्षा वही है जो नौकरी दिलाए। यही कारण है कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ने के बावजूद समाज में अपराध और भ्रष्टाचार भी बढ़ रहे हैं।

महात्मा गांधी का यह कथन आज भी प्रासंगिक है-''एक स्कूल खुलेगा तो सौ जेलें बंद होंगी।'' परन्तु आज स्थिति इसके विपरीत है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने इस दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास किया है। इसमें केवल क्या पढ़ना है पर ही नहीं, बल्कि कैसे पढ़ना है, इस पर भी जोर दिया गया है। आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, उद्यमशीलता और नैतिकता को शिक्षा के केंद्र में रखा गया है। लेकिन इन सभी का केन्द्रबिंदु शिक्षक ही है। यदि शिक्षक प्रेरणाहीन, निरुत्साहित या असंवेदनशील होंगे तो कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। शिक्षा केवल किताबों और पाठ्यक्रम से नहीं, बल्कि शिक्षक की जीवंत उपस्थिति से सार्थक होती है। पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था-''अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमागों का राष्ट्र बन गया है, तो उसके लिए तीन प्रमुख व्यक्ति जिम्मेदार होंगे-पिता, माता और शिक्षक।'' यह कथन शिक्षक के महत्व को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करता है। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब हमारे शिक्षक नई पीढ़ी को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि चरित्रवान भी बनाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर भी शिक्षा की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। नेल्सन मंडेला ने कहा था-''शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे दुनिया बदली जा सकती है।'' युद्ध और आतंक के बीज मानव मस्तिष्क में जन्म लेते हैं, इसलिए बचपन से ही शांति और सह-अस्तित्व के बीज बोने होंगे। बच्चों को अपने देश से प्रेम के साथ विश्व-प्रेम यानी मानवता का पाठ सिखाना होगा, तभी दुनिया से युद्ध, हिंसा, आतंक का खात्मा होगा। भारतीय संस्कृति का ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' मूल मंत्र इसमें सहायक बन सकता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि शिक्षा और शिक्षक दोनों का स्वरूप धीरे-धीरे मिशन से व्यवसाय की ओर झुकता जा रहा है।

ज्ञान की बोली लग रही है, शिक्षक और छात्र के संबंधों में अविश्वास और हिंसा की खबरें बढ़ रही हैं। शिक्षा का व्यापारीकरण रोकने और उसे मानवीय मूल्यों से जोड़ने की जिम्मेदारी सबसे पहले शिक्षकों पर ही आती है। आज आवश्यकता केवल शिक्षा क्रांति की नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति की भी है। अच्छे पाठ्यक्रम, नई तकनीक और आधुनिक संस्थानों की व्यवस्था तभी सार्थक है जब उनके केंद्र में ऐसे शिक्षक हों, जो छात्रों को प्रेरणा दें, जो उनके सर्वांगीण विकास का माध्यम बनें। खेत, बीज और उपकरण के रहते हुए किसान न हो तो सब बेकार है। उसी प्रकार, विद्यालय, पाठ्यक्रम और तकनीक के रहते हुए यदि शिक्षक नहीं हैं तो सब निरर्थक है। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था-''सर्वांगीण विकास का अर्थ है हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान।'' शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्व गढ़ते हैं। शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं, सुशिक्षित यानी गुण-सम्पन्न नहीं बनना चाहते। मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। इन स्थितियों से शिक्षकों को बाहर निकलने में नई शिक्षा नीति से बहुत अपेक्षाएं हैं। भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि उनमें सामाजिक और भावनात्मक कौशल का विकास करना है। 2030 तक स्कूली शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य इसी दृष्टि से रखा गया है। किंतु संसाधनों की कमी, प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपलब्धता और बदलते सामाजिक परिवेश की चुनौतियां इस दिशा में बड़ी बाधाएं हैं। इसके बावजूद भारत में शिक्षा की परंपरा इतनी प्राचीन और समृद्ध रही है कि विदेशी विद्वान भी इसकी प्रशंसा करते आए हैं। एफ. डब्ल्यू. टॉमस ने लिखा है-''भारत में शिक्षा विदेशी पौधा नहीं है। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो।'' वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं।

आर्थिक आपाधापी, आतंक, युद्ध एवं हिंसा के आधुनिक युग में शिक्षकों की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि वे छात्रों को न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में जरूरी कौशल भी सिखाते हैं। शिक्षक छात्रों के साथ सहयोग करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों एवं शांतिपूर्ण जीवन के बारे में भी समझाते हैं जो एक अच्छे नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षक को ऐसे छात्र तैयार करने होंगे जो वैज्ञानिक-आध्यात्मिक हो, जिनमें बौद्धिकता एवं भावनात्मकता के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास हो। शिक्षक दिवस 2025 का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए कि शिक्षक केवल पेशेवर नहीं, बल्कि समाज की आत्मा के निर्माता हैं। भारत यदि पुनः विश्वगुरु बनना चाहता है तो उसे केवल नई शिक्षा नीति ही नहीं, बल्कि निष्ठावान और दूरदर्शी शिक्षकों की फौज तैयार करनी होगी।

# स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए वरदान है केले का छिलका

केले का छिलका स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए वरदान होता है। केले के छिलके में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केले के छिलके को फेस पर लगाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। केला खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। इसको खाते ही शरीर को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है। केला खाने के बाद अधिकतर लोग इसके छिलके को फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केले की तरह इसका छिलका भी गुणों की खदान है। जिस तरह से केला सेहत और स्किन के लिए लाभकारी होता है, ठीक उसी तरह से इसका छिलका भी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। केले का छिलका स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए वरदान होता है। केले के छिलके में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केले के छिलके को फेस पर लगाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**स्किन बनाएगा ग्लोइंग**-अगर आप अपने फेस पर ग्लो लाना चाहती हैं, तो सप्ताह में सिर्फ एक बार केले के छिलके को अपने फेस पर रगड़ें। इससे फेस पर स्पॉट्स दूर होंगे और टैनिंग भी कम होगी। जिससे आपकी त्वचा ग्लो करने लगेगी। आप चाहें तो सप्ताह में दो बार भी केले के छिलके को फेस पर रगड़ सकती हैं। हल्के हाथों से केले का



छिलका रगड़ने के बाद आप थोड़ी देर स्किन को ऐसे ही रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से फेस वॉश कर लें।

**झुर्रियां होंगी कम**-बढ़ती उम्र के साथ फेस पर फाइन लाइंस और झुर्रियां आने लगती हैं। केले के छिलके में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स झुर्रियों और फाइन लाइंस को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके लिए केले के छिलके को झुर्रियों वाली जगह पर हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में घुमाएं। आप सप्ताह में दो से तीन बार ऐसा कर सकती हैं।

**मॉइश्चराइज रखने में मदद**-केले के छिलके में मौजूद पोषक तत्व ड्राई स्किन को मॉइश्चराइज रखने में मदद करते हैं। अगर आपकी स्किन अधिक रूखी है, तो उसके लिए केले के छिलके पर थोड़ा सा शहद डालकर पूरे फेस पर रगड़ें। ऐसा करने से आपकी स्किन मॉइश्चराइज नजर आती है। सप्ताह में दो बार इस प्रक्रिया को अपना सकती हैं। केले के छिलके में पोटैशियम होता है, जोकि स्किन को डीप न्यूट्रिशन देता है।

**पिंपल्स और एक्ने**-जिन लड़कियों को एक्ने और पिंपल्स की समस्या ज्यादा होती है। उनके लिए केले का छिलका वरदान है। केले में पाई जाने वाली एंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज पिंपल्स को पैदा करने वाले बैक्टीरिया पर रोक लगाती है। ऐसे में अगर आप सप्ताह में दो बार फेस पर केले का छिलका रगड़ती हैं, तो आपको एक्ने और पिंपल्स से राहत मिलेगी।

## सू-दोकू-160

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.159 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

एक नजर

## नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार





**किरंदुल, 4 सितंबर।** किरन्दुल में दिनांक 01.09.2025 की जब पीड़िता अपने परिवार के साथ अलग कमरे में सोई थी रात्रि करीबन 09.30 बजे एक आदमी घर में घुसकर पीड़िता से अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता द्वारा चिल्लाने पर जब वह आदमी भागने लगा तब घर वालों द्वारा उसकी पहचान रोहित यादव पिता राम संजीवन यादव उम्र 30 वर्ष जो पीड़िता के ही मोहल्ले का रहने वाला था। पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट पर थाना किरन्देुल में अपराध क्रमांक 50/2025 धारा 75(2) बीएनएस, 08 पाक्सो एक्ट कायम किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा श्री गौरव राय द्वारा महिला संबंधी अपराध को गम्भीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी किरन्दुल कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में प्रकरण के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी किरदुल के नेतृत्व में रोहित यादव को दिनांक 02.09.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विशेष योगदान- थाना किरन्दुल - सउनि. के सीमाचलम, अनिता चौधरी, आरक्षक मकसूदन मंडावी, महिला आरक्षक -सुरेखा सलाम।

## हमर सुंदर गांव फाउंडेशन दावनबोड़ का रक्तदान शिविर 14 सितंबर को

**भाटापारा, 4 सितंबर।** ग्राम दावनबोड में संचालित हमर सुंदर गांव फाउंडेशन दावनबोड के तत्वाधान में 14 सितम्बर रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है जिसका सहयोगी संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान टिकुलिया सुनिश्चित किया गया जिनके ओर से प्रत्येक रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को सड़क सुरक्षा परिवार के मुखिया के जीवन को सुरक्षा प्रदान करने उद्देश्य से हेलमेट देते हुए सम्मानित किया जाएगा इसकी जानकारी हमर सुन्दर गांव के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने दी कार्यक्रम के संचालन में दीप्ती वर्मा, कौशल्या तुरकिया सीता ध्रुव पीलू वर्मा,नीलकंठ वर्मा नोहर सिंह ध्रुव ,गोविंद वर्मा , गंगू वर्मा शंकर लाल वर्मा, रामकुमार वर्मा,अमृत लाल ध्रुव,नवीन वर्मा मनीष वर्मा,रामेश्वर वर्मा, मनोहर साहू सुखनंदन वर्मा, जय प्रकाश वर्मा डुपेश वर्मा,लेखू राम ध्रुव मनोज साहू ,मनोज कुमार वर्मा ,कल्याण वर्मा, टिकेश्वर वर्मा लखन वर्मा ,योगेश वर्मा प्रोगेंद्र वर्मा देवनारायण वर्मा, मालिक वर्मा बशीर खान , तिलक वर्मा खुमान वर्मा प्रवीण वर्मा, लोकेश वर्मा झुमुकलाल वर्मा, दानेश्वर वर्मा धनेश्वर निषाद, दीपांशु,दिलीप वर्मा हरि इंद्रकुमार ध्रुव कुणाल वर्मा नीतेश वर्मा लालू ध्रुव नोमेश वर्मा रवि वर्मा कबीर ध्रुव(लालू) कामदेव वर्मा अजय वर्मा सुनील वर्मा यतीश उमेश कमल जीवन वर्मा सावन तुरकिया धनंजय वर्मा भोजेन्द्र वर्मा(बंटी) डीलेश वर्मा सोनू वर्मा डागेश संतोष ध्रुव,शेषनारायण वर्मा अन्य सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी रहेंगे।

## राशन वितरण शुरू



**भाटापारा, 4 सितंबर।** भाटापारा क्षेत्र मे राशन की 108 दुकाने हैं इसमे शहर मे 16 व ग्रामीण क्षेत्र मे 92 दुकाने हैं यहां पर आज 3सितम्बर से राशन वितरण शुरू किया जा चुका है करीब तीन माह के बाद जून के आबंटन प्रक्रिया के बाद राशन वितरण इस माह शुरू हुआ ।इस संबंध मे सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों मे चांवल,शक्कर,नमक का वितरण किया जा रहा है ,कश्यप ने बताया कि अंत्योदय ,प्राथमिकता,और सामान्य परिवारो को क्रमशः 35 किलो प्रति राशन कार्ड ,प्राथमिकता मे प्रति सदस्य और पात्रता अनुसार एपीएल मे भी पात्रता अनुसार राशन दिया जायेगा ,वही सभी राशन दूकानदारों को निर्देशित किया गया है कि सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड के अनुसार राशन दिया जावे।

# उफनती नदी पार कर गोरगुण्डा पहुँची स्वास्थ्य टीम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### कोई भी ग्रामीण मलेरिया पीड़ित नहीं मिला





**बीजापुर, 4 सितंबर।** लगातार बारिश, बाढ़ जैसे हालात, उफान पर बहती हुई चिंतावागु नदी, इन विकट हालातों के बीच भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लगन और प्रतिबद्धता कम नहीं हुई। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को मजबूती देते हुए गोरला स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने डॉ. के. चलपति राव के नेतृत्व में मंगलवार को जान जोखिम में डालकर गोरगुण्डा गांव तक का कठिन सफर तय किया। नदी पार कर स्वास्थ्य टीम का गांव पहुँचना आधुनिक चिकित्सा सेवा के उस अदम्य साहस का प्रतीक बना, जो हर मुश्किल को पार कर लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए तत्पर है। बरसात से आवागमन बाधित था, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी। नदी की लहरों को चुनौती देते हुए जब टीम गोरगुण्डा पहुँची तो सबसे पहले ग्रामीणों की मलेरिया किट से जांच की गई। कई लोगों में सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षण पाए गए, मगर राहत की बात रही कि किसी भी ग्रामीण में मलेरिया पॉजिटिव नहीं मिला। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को बरसात के मौसम में साफ सफाई रखने, पानी जमा न होने देने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुँचने की अपील की। इस दौरान माधवी पनवलकर, गणपत गुरला, मधु मालती डेविड, महेन्द्र लम्बाड़ी, शैलेश कुमार, संजीव मट्टी, ब्रिजेश कोरम और नागुबाई वासम जैसे स्वास्थ्यकर्मियों ने सराहनीय भूमिका निभाई। उनका समर्पण इस बात का उदाहरण है कि विपरीत परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की ज्योति जलती रहती है।

टीम ने मलेरिया जांच के साथ-साथ टीकाकरण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी। गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीके लगाए गए, जबकि बच्चों को कुपोषण और एनीमिया से बचाने के लिए आयरन-फोलिक एसिड सीरप और विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई गई। खण्ड चिकित्सा अधिकारी भोपालपटनम डॉ. चलपति राव ने कहा 'कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमारा लक्ष्य हर ग्रामीण तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान तभी सफल होगा जब हर गाँव तक समय पर जाँच और उपचार पहुँच सके। टीम की सक्रियता और ग्रामीणों तक पहुँचने की इच्छाशक्ति ही इस अभियान की असली ताकत है।'

## बाढ़ में बह गए कार्ड के स्थान पर दिया जा रहा नया आयुष्मान कार्ड




**जगदलपुर 04 सितम्बर।** पिछले सप्ताह मांदर में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई, जिससे कई घर जमींदोज हो गए और लोगों को काफी नुकसान हुआ। इस आपदा में कई ग्रामीणों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, जिनमें उनके आयुष्मान कार्ड भी शामिल थे, पानी में बह गए। बाढ़ के तुरंत बाद प्रशासन ने तेजी से राहत और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इसके साथ ही, लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है और उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा रही हैं ताकि कोई भी बीमारी न फैले। इसी बीच, प्रशासन ने उन ग्रामीणों की मदद के लिए एक खास पहल शुरू की है जिनके आयुष्मान कार्ड बाढ़ में खो गए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर ही नए आयुष्मान कार्ड जारी कर रही हैं।

## हुडको कालोनी में भगवान गणेश को अर्पित किए गए 56 भोग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 4 सितंबर।** नगर के हुडको कालोनी में विराजमान प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी को भक्तों ने 56 भोग चढ़ाकर पूरे मन से उनकी पूजा आराधना की। तदोपरांत सभी भक्तों में प्रसाद वितरण किया। कालोनी में हर वर्ष गणेशोत्सव धुमधाम के साथ मनाया जाता रहा है इसी कड़ी इस वर्ष भी हुडको कालोनी में यजमान संजय शर्मा के नेतृत्व में आकर्षक गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई है। सुबह शाम गणेशजी की पूजा पाठ एवं आरती भी की जा रही है अपने प्रिय बप्पा का आर्शीवाद लेने बड़ी संख्या में कालोनी के भक्त सुबह शाम पंडालों में पहुंच रहे हैं।

गौरतलब है कि नगर के वार्ड क्रमांक 7 हुडको कालोनी में हर वर्ष गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेशजी की स्थापना की जाती है। इस वर्ष भी मोहल्ले के सभी भक्तों ने मिलकर गणेशजी की स्थापना की है। पंडाल में विराजे गणेशजी की पूजा पाठ एवं आरती सुबह शाम किया जा रहा है। भक्तों में उत्साह का माहौल है। बीते 27 अगस्त को गणेशजी विराजे थे बुधवार की संध्या में 8वें दिन भगवान गणेशजी को भक्तों ने 56 व्यंजनों का भोग चढ़ाया और पूजा अर्चना कर महाआरती की। पंडित मिश्रजी ने बताया कि भगवान गणेशजी को अलग अलग प्रकार के व्यंजन खाना बेहद पंसद है उन्हें मीठाा व्यंजन पसंद है इसलिए भक्त अपने अपने पंसद के हिसाब अलग अलग तरह के पकवान बनाकर उन्हें 56 भोग के रूप में चढ़ाते हैं।

## मांदर में बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार की संवेदनशील पहल

### तत्परता से की जा रही है मदद और दिया जा रहा मुआवजा




**जगदलपुर 04 सितम्बर।** बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि ने जहाँ एक ओर जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं बाढ़ के कारण लोहंडीगुड़ा तहसील के मांदर में लोगों ने भीषण आपदा का सामना किया है।

इस स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में एक संवेदनशील पहल कर त्वरित राहत कार्य की मिसाल पेश की है। बाढ़ के कारण हुए नुकसान से जूझ रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे पीड़ित परिवारों को एक बड़ी राहत मिली है। बाढ़ से प्रभावित गाँवों में राहत दल तेजी से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रभावित गांवों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रभावित किसानों को किसान किताब वितरित की जा रही है, जो बाढ़ के कारण बह गई थी। किसान किताब के मिलने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और भविष्य में किसी भी सहायता के लिए पात्र बनने में मदद करेगी। वहीं प्रभावितों को नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीमें नुकसान का आकलन करने के लिए घर-घर सर्वे कर रही हैं और पात्रता के अनुसार तत्काल राहत राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कर भुगतान कर रही हैं। सरकार का ध्यान इस बात पर है कि किसी भी पीड़ित परिवार को उनकी जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। इसके लिए, मकान क्षति सहित पशु, फसल और घरेलू सामग्री की क्षति का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर, हर एक प्रकरण पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि जरूरतमंद प्रभावितों तक मुआवजा राशि सीधे और समय पर पहुँच सके। स्थानीय प्रभावित परिवारों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है। एक प्रभावित ग्रामीण मुरहा पटेल ने कहा, हमने सोचा था कि बाढ़ के बाद सब कुछ खत्म हो गया, लेकिन सरकार की इस त्वरित मदद ने हमें फिर से जीवन को नये सिरे से शुरू करने की उम्मीद दी है।

## प्राथमिक शाला बेल्दो के प्रधानपाठक निलंबित

**उत्तर बस्तर कांकेर 04 सितम्बर।** जिले के दुर्गूकोंदल विकासखण्ड की शाला प्राथमिक शाला बेल्दो के प्रधान पाठक श्री हेमलाल कोमा को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया है कि उक्त प्रधान पाठक द्वारा शराब सेवन कर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित रहने की पुष्टि संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई थी। तत्संबंध में बीईओ दुर्गूकोंदल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम 1, 2, 3 के प्रतिकूल होने पर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोयलीबेड़ा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री कोमा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## बस्तर में वेटलैंड संरक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**जगदलपुर 04 सितम्बर।** जिले के पर्यावरण संतुलन और जल संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला वेटलैंड संरक्षण समिति द्वारा वेटलैंड के संरक्षण के लिए स्थल सत्यापन तथा सीमांकन हेतु मानक प्रक्रियाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया।

बस्तर कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में डीएफओ श्री उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल और डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण में राजस्व विभाग के सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी, वन विभाग के सभी परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक एवं परिसर रक्षक, साथ ही पंचायत विभाग के सचिव शामिल हुए और वेटलैंड संरक्षण की प्रक्रियाओं पर जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (एसएसी) एटलस 2021 के अनुसार प्र्देश में 2.25 हेक्टेयर से बड़े 11 हजार 264 वेटलैण्ड्स हैं, जिनमें बस्तर जिले में कुल 126 वेटलैंड्स हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 2437 हेक्टेयर है। इन वेटलैंड्स का स्थल सत्यापन और सीमांकन स्थल स्तरीय इकाई द्वारा किया जाएगा। इसके लिए वेटलैंड सीमा का सतत जीपीएस ट्रैक तैयार किया जाएगा।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद में एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने किया सहयोग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 4 सितम्बर।** हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित मांदर ग्राम पंचायत में जिला प्रशासन के प्रयासों को साथ देने के लिए एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद की। उन्होंने श्रमदान करने के साथ ही लोगों से मिलकर उनका हालचाल भी जाना। एकल अभियान के लगभग 25 सदस्यों ने बाढ़ से प्रभावित घरों में जाकर सफाई की। उन्होंने कीचड़ साफकिया और अस्त-व्यस्त पड़े सामान को व्यवस्थित करने में लोगों की मदद की।

जहाँ कई संस्थाएँ सामग्री दान कर रही हैं, वहीं एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने सीधे लोगों के घरों में जाकर सेवा की और उनके दुख-सुख साझा किए। इस प्रयास के लिए गाँव के लोगों ने एकल अभियान के सेवार्थियों का तहे दिल से धन्यवाद किया।

## नीति आयोग के अधिकारी ने योजनाओं की जानकारी ली



**उत्तर बस्तर कांकेर 04 सितम्बर।** भारत सरकार नीति आयोग द्वारा प्रायोजित आकांक्षी जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के तहत राज्य नोडल अधिकारी श्री शिवम मिश्रा जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने मंगलवार 02 सितम्बर को सुबह 11 बजे से मावा मोदोल सेंट्रल लाईब्रेरी कांकेर सहित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अन्नपूर्णा पारा का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् अपरान्ह में अकांक्षी ब्लॉक एवं जिला स्तर के अधिकारियों की जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर इसके क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में आकांक्षी जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन एवं आधारभूत संरचना विभिन्न सूचकांकां में प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली, साथ ही विभिन्न सूचकांकों में प्रगति हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रवास के दूसरे दिन आज 03 सितम्बर को जनपद पंचायत दुर्गकोंदल के विभिन्न ग्रामों में जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण कार्यक्रम की जमीनी हकीकत से अवगत हुए। उन्होंने ग्राम डांगरा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, ग्राम दुर्गूकोंदल की लाईब्रेरी, ग्राम आंधेवाड़ा आंगनबाड़ी क्र.01, ग्राम हुलगांव (कोंडे) स्कूल भवनो का निरीक्षण एवं जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में सिविल हॉस्पिटल पखांजूर का निरीक्षण कर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

## बाढ़ प्रभावितों को कर्मा विवि के विद्यार्थियों ने किया राशन वितरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 04 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के मांदर गांव में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस आपदा की घड़ी में जिला प्रशासन के प्रयासों को मजबूती देने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय भी आगे आया है। विश्वविद्यालय के समाज कार्य (सोशल वर्क) विभाग ने प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्य में सहयोग किया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. तुलिका शर्मा, सहायक प्राध्यापिका अनुष्का अतराम और सहायक प्राध्यापक डॉ. डिगेश्वर साहू के साथ एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने मांदर गांव पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री और राशन वितरित किया।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रही कबीरपंथ मुनेंद्र धर्मार्थ संस्था

### रोजमर्रा की वस्तुएं उपलब्ध कराई गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**दंतेवाड़ा, 4 सितंबर।** बचेली ट्रस्ट ने बस्तर के दूरस्थ अंचल जिला दंतेवाड़ा के कई ग्रामो में दिनांक 31 अगस्त से लगातार बाढ़ पीड़ित परिवारों को आवश्यक राशन खाद्य सामग्री जैसे चावल दाल आलू प्याज नमक कंबल कपड़ा आदि वितरण कर जरूर मंद परिवारों की मदद कर रहे हैं इस मुहिम के माध्यम से खाद्यान्न सामग्री के अलावा रोजमर्रा की चीज उपलब्ध कराई गई ग्राम बालपेट, तुमनार, बंगापाल में राज्य संयोजक दुष्यंत सेवादार,गणपत सेठिया,जनक दास,राजाराम, रामलाल नेताम, राजू भोगामी,टेसूराम दास,प्रभु लाल,सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण मुहिम के में बढ़-चढ़कर मानव सेवा कार्य में अपना योगदान दिया हमारे सेवादारों द्वारा बताया गया है कि यह अभियान केवल भोजन तक सीमित नहीं है बल्कि शिक्षा स्वास्थ्य मकान और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर जरूरतमंद ऑन की जीवन में नई उम्मीद जगाना है गरीब और लाचारी से जूझते परिवारों की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जरूरतमंदों की चीज उपलब्ध करा रहे हैं रोटी कपड़ा मकान शिक्षा और इलाज जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करना में करना ही असली धर्म है आज संपूर्ण भारतवर्ष में कबीरपंथी संत रामपाल जी महाराज के निशुल्क अन्नपूर्णा मुहिम के माध्यम से संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादाई पहल कर रहे है।

यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि यदि संपूर्ण समाज एकजुट होकर कार्य करें तो किसी भी असहाय परिवार को अंधकार से निकाल कर उजाले की ओर ले जाया सकता है संत रामपाल जी महाराज जी का का प्रेरक संदेश सच्ची भक्ति करने से ही आत्म कल्याण शांति और परिवार को सुख समृद्धि मिलती है।

## कमिश्नर बस्तर ने अतिवृष्टि प्रभावित गांव सिदावण्ड का लिया जायजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 04 सितम्बर।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने बुधवार को बस्तर जिले के बकावण्ड विकासखण्ड अंतर्गत अतिवृष्टि प्रभावित सिदावण्ड डूरकाडोंगरी पारा का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से भेंटकर उन्हें हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूर्ण मकान क्षति वाले 03 परिवारों तथा आंशिक मकान क्षति से सम्बंधित 06 परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्रदान की गई मुआवजा राशि के बारे में पूछा। साथ ही इन प्रभावित परिवारों को राशन, कम्बल-चादर, कपड़े इत्यादि जरूरी सामग्री शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। वहीं आवास निर्माण के लिए प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द बांस-बल्ली प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने गांव में फसल क्षति, पशुधन हानि का भी सर्वेक्षण करने कहा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पेयजल स्त्रोतों के पानी की जांच कर पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करने सहित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए। वहीं पशुधन विभाग के द्वारा गांव के पालतू पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण करवाने कहा। उन्होंने उचित मूल्य दुकान से प्रभावित परिवारों को एक महीने का खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़क एवं विद्युत लाईन के बारे में भी पूछा तथा गांव की गली सड़क का मरम्मत करने सहित तालाब के समीप स्थित नाले से पानी की समुचित निकासी के लिए सीमेंट कांक्रीट नाली निर्माण किए जाने के निर्देश दिए।

**कमिश्नर ने लखमू को नया आवास को अच्छा बनाने दी समझाईश**

कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने गांव के अतिवृष्टि प्रभावित बुजुर्ग लखमू मौर्य से आत्मीयता के साथ चर्चा करते हुए खेती-किसानी एवं फसल की स्थिति के बारे में पूछा और उसके नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को अच्छा बनाने की समझाइश देते हुए कहा कि अब पुराने क्षतिग्रस्त मकान का भी मुआवजा दी गयी है। जिससे अपने मकान को बढ़िया और सुंदर बनवाएं। इस समझाईश को सुनकर लखमू ने मदद देने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

### कृषि विभाग ने अनियमितता पर पिथौरा ब्लाक के चार कृषि केन्द्रों को नोटिस जारी किया

**महासमुंद 4 सितम्बर ।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में कृषि केन्द्रों का सतत निरीक्षण जारी है। इसी क्रम में प्रभारी उप संचालक कृषि भीमराव घोड़ेसवार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्रजेश तुरकाने द्वारा पिथौरा के उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म चंचला कृषि केन्द्र लोहरीनडोंगरी, मुकेश कृषि सेवा केन्द्र सोनासिल्ही के प्रतिष्ठान में पी.ओ.एस. स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इसके अलावा संबंधित फर्मों द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने के कारण संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है।इसी प्रकार चंचला कृषि केन्द्र लोहरीनडोंगरी एवं पटेल ब्रदर्स पिथौरा द्वारा बिना स्टॉक के कीटनाशी दवा के विक्रय करने के कारण संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संबंधित फर्म से जवाब प्राप्त होने के पश्चात् उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं कीटनाशी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि कृषक बिल लेकर ही उर्वरक का विक्रय करें एवं कालाबाजारी की शिकायत पाए जाने पर संबंधित विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क करे।

### सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 8 सितंबर को

**महासमुंद 4 सितम्बर ।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक सोमवार 8 सितम्बर 2025 को सुबह 11:00 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता एवं उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### जीएसटी सुधार आमजन और व्यापार जगत के लिए लाभकारी:ओपी चौधरी

**रायपुर, 4 सितम्बर।** केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि बैठक में जीएसटी प्रणाली में सुधार से जुड़े अनेक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सुधार आम नागरिकों को सहूलियत देंगे, व्यापार जगत को गति प्रदान करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जीएसटी सुधार केवल कर संरचना का सरलीकरण नहीं है, बल्कि यह इज ऑफ डूइंग बिज़नेस को मजबूत करने और राज्यों तथा देश की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने का भी माध्यम है।यह उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में व्यापक सुधारों का आह्वान किया था। आज आयोजित यह बैठक उस संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और ठोस कदम साबित हुई है।

### बालिका सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**धमतरी 4 सितम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार बालिका सुरक्षा माह का आयोजन 14 अगस्त से 15 सितम्बर तक प्रदेशभर में किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में धमतरी जिले में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बालिका सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।विकासखंड नगरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में आयोजित कार्यक्रम में बाल अपराध, बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह, बाल श्रम, भ्रूण हत्या, लैंगिक अपराध, बालिकाओं के लिंगानुपात, गुड टच-बैड टच, मानव तस्करी एवं सोशल मीडिया से दूरी जैसे विषयों पर छात्राओं को जानकारी दी गई।चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक श्रीमती नीलम साहू ने पॉक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम बच्चों को यौन शोषण एवं उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है तथा मामलों के त्वरित निपटान हेतु विशेष न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान करता है। चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर श्री अनुराग खालखो एवं श्री गिरधारी लाल ने बालिकाओं को समझाया कि किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में वे शिक्षक, परिजनों अथवा विश्वसनीय व्यक्तियों को तत्काल सूचित करें।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की समीक्षा कर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा

## शाला त्यागी बच्चों का सर्वे कर शिक्षा से जोड़ें



**महासमुंद, 4 सितम्बर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु आज जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, महासमुंद में जिले के पाँचों विकासखंडों के विषय विशेषज्ञ एवं पीएलसी सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी एवं सक्रिय पीएलसी सदस्य उपस्थित रहे।

अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता के लिए पालकों की जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि पालक जागरूक होंगे तो बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएंगे तथा विद्यालयीन गतिविधियों की परख घर पर भी करेंगे। शाला त्यागी बच्चों के लिए सर्वे कर निरंतर पालक सम्पर्क बनाए रखने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। विद्यालय का वातावरण आकर्षक एवं गतिविधि आधारित बने जिससे बच्चों में सीखने की लालसा जागृत हो। जिले के पाँचवी एवं आठवीं के बच्चों के लिए विद्यालय समयावधि में ही नवोदय एवं प्रयास पद्धति पर आधारित तर्कशक्ति, ट्रिक मैथेमेटिक्स तथा भाषाई शिक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिले में जानकारी के आदान-प्रदान में समयबद्धता सुनिश्चित हो। प्रत्येक स्तर पर निरीक्षण सुदृढ़ किया जाए तथा रजत जयंती वर्ष की प्रत्येक गतिविधि का पालन विद्यालयों में अनिवार्य रूप से हो। जाति प्रमाणपत्र हेतु विशेष अभियान तथा अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में पीएम श्री स्कूल, छात्रवृत्ति एवं आरटीई संबंधी जानकारी का सत्यापन करने के निर्देश दिए।

## सीएम की जिले को बड़ी सौगात

**जशपुरनगर 4 सितम्बर।** क्षेत्र के विकास को गति देने और पर्यटन स्थलों तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सौगात के रूप में नई सड़क निर्माण की मंजूरी दी गई है। लोक निर्माण विभाग संभाग-जशपुर के अंतर्गत कुनकुरी क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही इन कार्यों की शुरुआत होगी।




जिले के जोकारी से मधेश्वर पहाड़ तक पहुँच मार्ग लंबाई 3 किमी के निर्माण पर 3 करोड़ 69 लाख रुपये,एनएच-43 से मयाली डेम तक पहुँच मार्ग लंबाई 1.30 किमी के निर्माण पर 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण होगा।इन सड़कों के निर्माण से न केवल स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को भी बल मिलेगा।

खासकर महादेवश्वर पहाड़ और मयाली डेम जैसे पर्यटन स्थल सड़क सुविधा से बेहतर तरीके से जुड़ेंगे, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।ग्रामीणों का कहना है कि अब तक इन स्थलों तक पहुंचना कठिन था, विशेषकर बरसात के दिनों में। सड़क निर्माण के बाद यात्रियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। साथ ही क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी क्योंकि पर्यटन से जुड़े रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

## उर्वरक की अवैध बिक्री,कालाबाजारी रोकने प्रशासन कार्रवाई कर रहा

**रायपुर, 4 सितम्बर ।** कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरक के अवैध परिवहन, कालाबाजारी और मुनाफाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री भगवान सिंह उइके के निर्देश एवं उप संचालक कृषि श्री चंदन रॉय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक कृषि श्री अनिल कुमार कौशिक एवं उर्वरक निरीक्षक दल द्वारा मैनपुर विकासखण्ड के मेसर्स राजेन्द्र खाद भंडार धुरवागुड़ी और मेसर्स सिद्धि विनायक कृषि केन्द्र गोहरापदर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स राजेन्द्र खाद भंडार धुरवागुड़ी द्वारा कृषकों को निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय करना, अघोषित परिसर में भंडारण करना, मूल्य सूची प्रदर्शित न करना, नगद एवं उधार का ज्ञापन जारी न करना तथा आवश्यक अभिलेखों का



संधारण नहीं करना पाया गया। इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए संस्थान में उपलब्ध 520 बोरी यूरिया जब्त कर विक्रय प्रतिबंध की कार्रवाई की गई। खाद भण्डार के संचालक को 03 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा संबंधित संस्थान का उर्वरक प्राधिकार पत्र 07 दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिले में वर्तमान में सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा जिन समितियों में कमी है वहां तत्काल उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही निर्धारित दर पर उर्वरक खरीदें तथा प्रत्येक लेनदेन पर पक्का बिल लेना सुनिश्चित करें। साथ ही अनधिकृत व्यवसाय अथवा अधिक कीमत पर विक्रय की जानकारी प्राप्त होने पर विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना देने की अपील की गई है।

## रायगढ़ की 549 पंचायतों में क्यूआर कोड सुविधा शुरू

**रायगढ़, 4 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की मनरेगा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जारी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में इस योजना को अधिक पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए नई पहल की जा रही है। जिले की सभी 549 पंचायतों में क्यूआर कोड आधारित नई प्रणाली शुरू की गई है, जिसके जरिए ग्रामीण अपने गांव में पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यों की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। स्मार्टफोन से क्यूआर कोड स्कैन करते ही कार्य का विवरण, व्यय और प्रगति जैसी सूचनाएं उपलब्ध होंगी।रायगढ़ जिले में मनरेगा के लिए यह पहल केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और राज्य सरकार की पारदर्शिता नीति का हिस्सा है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना और योजनाओं की निगरानी




का अधिकार देना है। अब ग्रामीणों को जानकारी के लिए न तो पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे और न ही अधूरी सूचनाओं पर निर्भर रहना होगा।सितंबर से रायगढ़, खरसिया, पुसौर, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार और धरमजयगढ़ ब्लॉकों की सभी पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। यह प्रणाली न केवल समय और श्रम की बचत करेगी, बल्कि ग्रामीणों को तकनीकी रूप से सशक्त भी बनाएगी। पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग क्यूआर कोड का उपयोग कर सकें।ग्रामीणों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। खरसिया ब्लॉक के एक निवासी ने कहा कि पहले हमें जानकारी के लिए बार-बार दफ्तर जाना पड़ता था, अब क्यूआर कोड से सब कुछ तुरंत मिल जाएगा। यह हमारे लिए बहुत बड़ी सुविधा है।विशेषज्ञों का मानना है कि रायगढ़ का यह डिजिटल मॉडल अन्य जिलों के लिए भी नजीर बनेगा। इससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, ग्रामीणों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और सामुदायिक निगरानी मजबूत होगी।

### कलेक्टर की पहल पर दिव्यांगों के लिए सक्षम कैंटीन की शुरुआत

**धमतरी, 4 सितम्बर ।** जिले में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सक्षम कैंटीन की शुरुआत की गई है। यह पहल कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा से संभव हो पाई है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रारंभ हुई इस कैंटीन का संचालन दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के सदस्य करेंगे।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्यामा देवी साहू ने पूरे विधि-विधान के साथ दुकान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। रजत जयंती पर्व पर सभी दिव्यांगजनों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ली और संकल्प लिया कि वे नशे से दूर रहकर समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूक करेंगे।

## ट्रेन से आईटीबीपी जवानों का पिट्ठू बैग सर्विस रिवाल्वर और 24 जिंदा कारतूस सहित चोरी

**बिलासपुर।** हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस के एएसआई और हेड कॉन्स्टेबल का पिट्ठू बैग चोरी हो गया. बैग में सर्विस रिवाल्वर, 4 मैगजीन, 24 जिंदा कारतूस और मोबाइल के साथ 10 हजार रुपए कैश रखा हुआ था. बुधवार तड़के हुई घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे और जीआरपी में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस रांची 40वीं बटालियन में एएसआई योगेन्द्र प्रसाद ओझा, प्रधान आरक्षक टेलीकाम जितेन्द्र सिंह और आरक्षक बुद्धदेव मलिक पदस्थ हैं. तीनों हटिया स्टेशन से हटिया-दुर्ग ट्रेन से दुर्ग के लिए रवाना हुए. रिजर्वेशन नहीं होने की वजह से तीनों जनरल कोच से सफर कर रहे थे। यात्रा के दौरान जवानों की रात 3 बजे चांपा स्टेशन पर आंख लग गई. सुबह 5.50 बजे भाटापारा स्टेशन पर उनकी नींद खुली तो बैग गायब था। ओझा ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी. इस पर ओझा ने बताया कि वह बिलासपुर आ रहे हैं। इस पर उनके पहुंचने का इंतजार किया गया। जब वह पहुंच गए तब तीनों स्टाफ ने जीआरपी को इस घटना की जानकारी दी।जानकारी मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी व आरपीएफ की क्राइम ब्रांच टीम पड़ताल में जुट गई। चांपा से लेकर भाटापारा तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। लेकिन कोई संदिग्ध फुटेज नहीं मिला। वहीं जीआरपी और आरपीएफ जांच के दौरान बिलासपुर में स्टेशन चौक से तितली चौक के बीच झाड़ियों में जवानों के दस्तावेज और कपड़े बरामद हुए. बैग और हथियार का अब तक कोई सुराग नहीं है.भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के तीनों स्टाफ की डोंगरगढ़ में ड्यूटी थी. वह ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए हटिया से दुर्ग स्टेशन तक यात्रा कर रहे थे दुर्ग स्टेशन से किसी तरह ट्रेन से डोंगरगढ़ तक जाने की योजना थी. लेकिन, उससे पहले इतनी बड़ी घटना हो गई।

## सैचुरेशन एवं साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन

धमतरी, 4 सितंबर। बैंक ऑफ बड़ौदा, भैंसमुंडी शाखा (धमतरी क्षेत्र) द्वारा आज ÷सैचुरेशन एवं साइबर जागरूकता÷ विषय पर एक विशेष शिविर का आयोजन बड़े उत्साह एवं आमजन तथा पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंक खातों के री-केवाईसी, विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना में नामांकन को प्रोत्साहित करना तथा नागरिकों को साइबर सुरक्षा, सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं और डिजिटल सतर्कता के महत्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार मुख्य अतिथि और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं ज़ोनल हेड श्री दिवाकर प्रसाद सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक श्री बनाम्बर बेहरा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही रोकथाम की पहली और सबसे सशक्त कड़ी है जन-जागरूकता अभियान के तहत अतिथियों द्वारा साइबर जागरूकता मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव और सुरक्षित डिजिटल लेन-देन संबंधी जानकारी देगी।

## क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के हक का पानी संयंत्रों को देने की साजिश:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** समोदा बैराज से पिकाडिली शराब फैक्ट्री तथा गोपालपुर एनीकेट से करणीकृपा संयंत्र को पानी दिये जाने का विरोध क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के किसान व ग्रामीण कर रहे हैं। इसके बाद भी इन संयंत्रों द्वारा फैक्ट्री तक पानी लाने के लिए पाइन लाइन कार्य जनभावनाओं के विरूद्ध किया जा रहा है। पिकाडिली शराब फैक्ट्री तक समोदा बैराज से पानी लाने हेतु पाइप लाइन बिछाने का कार्य अछोली पुरानी बस्ती तक पहुँच चुकी है। क्षेत्र के ग्रामीणों के विरोध के बाद भी इन संयंत्रों का दुस्साहस भाजपा सरकार के संरक्षण में बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की प्राथमिकता आम जनता, किसानों की नहीं अपितु बड़े उद्योगपतियों को हित पहुँचाना रह गया है।

उक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पिकाडिली शराब फैक्ट्री तक समोदा बैराज से पानी लाने हेतु अनवरत रूप से जारी पाइप लाइन विस्तार तथा गोपालपुर एनीकेट से करणीकृपा संयंत्र को पानी दिये जाने के निर्णय को लेकर कहा। उन्होंने कहा कि करणीकृपा पॉवर प्राइवेट लिमिटेड खैरझिटी के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का संचालन प्रारंभ हो रहा है। कांग्रेस पार्टी के शासन में उक्त संस्थान को किसी भी तरह से कोडार एवं अन्य जल स्त्रोतों से पानी नहीं दिया गया था। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जारी स्वीकृति पत्र क्र. एलटीडीएन 20240048 दिनांक 29.10.2024 द्वारा गोपालपुर एनीकट से पानी दिये जाने का आदेश दिया गया है। इस एनीकेट को शहीद वीर नारायण सिंह जलाशय (कोडार बांध) से निकलने वाले कोडार नाले पर एनीकेट का निर्माण आम जनता के निस्तारी एवं भू-जल स्त्रोत को बढ़ाने के लिये किया गया है। उपरोक्त संस्था को गोपालपुर एनीकेट से पानी दिया जाना आम जनता के साथ धोखा है चंद्राकर ने आगे कहा कि करणी कृपा संयंत्र द्वारा गोपालपुर एनीकेट में इंटकवेल निर्माण कर किसानों के खेत एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे से पाइपलाइन डालकर संस्थान तक पानी पहुँचाया जाना प्रस्तावित है। केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ दोनों जगह भाजपा की सरकार है।

समाचार संक्षेप

### वाहन चोरी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 4 सितंबर।** भिलाई अलग-अलग थाना क्षेत्र से वाहन एवं मोबाइल चोरी करने के बाद उसे बिक्री करने वाले आरोपियों को कोतवाली दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से छह मोटरसाइकिल एवं आठ मोबाइल जब्त किये गये है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई तपेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हुए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर टीम गठित की गई थी मुखबीर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध लड़के बस स्टैंड दुर्ग में खड़े हैं और वाहन एवं मोबाइल बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं सूचना मिलते ही मौके पर दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस एवं टीम मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी रमाशंकर मुन्ना मेश्राम निवासी ग्राम धुमा थाना पाटन तथा शशांक मिश्रा उर्फ प्रिंस निवासी पुलगांव को पकड़ा पूछताछ करने पर आरोपियों ने पिछले 6-7 सालों से अपने गांव छोड़कर दुर्ग बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में रहना बताया एवं दुर्ग कोतवाली, मोहन नगर, पुलगांव, पाटन, नंदिनी, भिलाई नगर से वाहन चोरी करना, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के प्रतीक्षालय के पास से मोबाइल को घूम-घूम कर चोरी करना स्वीकारा आरोपी ने बताया कि चोरी के मोबाइल एवं वाहन को पुलगांव के शशांक को बिक्री किए हैं आरोपी शशांक के कब्जे से एक मोटरसाइकिल हीरो होंडा एवं 5 नग मोबाइल जब्त किया गया है आरोपियों ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल को बस स्टैंड में छुपा कर रखे थे आरोपियों से कुल 6 मोटरसाइकिल एवं 8 नग मोबाइल जिसकी कुल कीमत 3ऽ50 लाख रुपए है को बरामद किया गया है उक्त कार्यवाही में गठित टीम के सउनि. चंद्रशेखर सोनी, प्र.आर. मनीष अग्निहोत्री, आरक्षक गजेन्द्र यादव, आरक्षक खिलेश कुर्रे एवं आरक्षक रवि शंकर मरकाम एवं थाना दुर्ग के उपनिरीक्षक निर्मल सिंह, प्र.आर. अजय विश्वकर्मा, आरक्षक प्रशांत पाटणकर, आरक्षक थामसन पीटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### अंडरब्रिज के पास लाश मिली



**भिलाई, 4 सितंबर।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के नेहरु नगर अंडरब्रिज से लगे नाले व झाड़ियों के बीच लाश मिलने से हड़कंप मच गया। गुरुवार की सुबह लगभग 8ऽ30 बजे लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी मौके पर भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी व डायल भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा 112 की टीम पहुंची आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है मृतक के कपड़ों की जांच करने पर पुलिस को एक पर्स मिला और एक की पैड मोबाइल। पर्स में कुछ कैश, कैटरिंग के कार्ड व आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान सुरजीत रॉय के रूप में हुई है जोकि कोलकाता का रहने वाला था। वहीं मोबाइल फोन में दर्ज नंबर पर कॉल करने पर पुलिस को यह जानकारी मिली कि मृतक कैटरिंग का काम करता है पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क साध रही है मृतक वहां कैसे पहुंचा, उसकी हत्या हुई या किसी साजिश का शिकार हुआ इन पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

### युवक-युवतियों को पूछताछ कर छोड़ा

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र के शक्ति नगर कॉलोनी में गुरुवार को बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार, दो एसईसीएल कर्मी कथित तौर पर दो युवतियों के साथ एक बंद क्वार्टर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसी बीच सुरक्षा टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को रंगे हाथों पकड़ लिया।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस ने दरवाजा खटखटाते ही युवकों को बाहर बुलाया। कमरे से एक दोपहिया वाहन मिला, जबकि अंदर से दो युवतियां भी बाहर आईं। इनमें से एक ने युवक को अपना बॉयफ्रेंड बताया, वहीं दूसरी ने पुलिस को बताया कि वह ÷भैया के बुलाने पर÷ वहां आई थी।घटना के दौरान महिला कांस्टेबल ने युवकों और युवतियों से सख्ती से पूछताछ की और हाथ में लकड़ी लेकर उन्हें अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया।

### हर्बल उत्पाद के प्रचार-प्रसार में संलग्न शिक्षिका निलंबित

**रायपुर, 4 सितम्बर ।** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने वेब पोर्टल पर प्रकाशित समाचार दुर्ग में शिक्षक बने हर्बल गुरू, स्कूल की जगह अब फिटनेस और फार्मूला बेचने में व्यस्त को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। जांच में यह मिला कि कुछ शिक्षक हर्बल उत्पादों के प्रचार-प्रसार, हर्बल लाइफ सदस्यता दिलाने, स्कूल समय में ऑफिस मीटिंग करने तथा ऑनलाइन सेशन लेने में संलग्न पाए गए, जिससे शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही थीं।जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, धमधा ने शासकीय विद्यालयों में पदस्थ श्री लोमन वर्मा, व्याख्याता (शास.उ.मा.वि. घोटवानी), श्री बलदाउ पटेल, सी.ए.सी. संकुल केन्द्र बोरी (मूल पद-शिक्षक एल.बी.), श्री मुकेश चतुर्वेदी, शिक्षक (एल.बी.) शास. पूर्व माध्यमिक शाला दनिया एवं श्रीमती खिलेश्वरी चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला फुण्डा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से हर्बल उत्पादों के प्रचार-प्रसार में संलग्न पाए गए।

## रवि और साधना खरे परिवार ने 2000 गणेश की मूर्तियों का कलेक्शन किया

**राजनांदगांव, 4 सितंबर।** राजनांदगांव में 80 वर्ष पूर्व आजादी के पहले से गणेश जी की झांकी निकल जा रही है । यहां पर एक खरे परिवार है । जिसमें रवि खरे और साधना खरे हुआ करते थे रवि खरे की मृत्यु 2017 में हो गई। रवि खरे साधना खरे ने 2000 गणेश की मूर्ति कलेक्शन आज तक इकट्ठा किया है । रवि खरे ने 2003 से 2017 तक मूर्तियों का कलेक्शन किया।

साधना खरे मीडिया से बात करते हुए बताया कि एक ऐसा वक्त था ।

पितृपक्ष के समय 2003 में जब मेरे पति को उनके दोस्तों ने बोला कि पितृपक्ष में शुभ काम नहीं करते । गणेश की मूर्ति



नहीं खरीदी जाती।उन्होंने पितृपक्ष में गणेश की मूर्ति लाई यह 2003 की घटना है 22 साल पुरानी घटना है उसके बाद से गणेश की मूर्ति इकट्ठा करने का और गणेश जी की देखरेख का सिलसिला चालू हुआ खरे ।

हम लोग जहां भी घूमने जाते थे वहां पर



अगर अलग- गणेश की मूर्ति है तो उसको खरीद लेते थे राजनांदगांव की दुकान वाले भी हमें बहुत मदद की है

खरे परिवार के घर में 2000 से अधिक गणेश की मूर्तियां हैं। जिसमें धातु सहित सभी प्रकार के पत्थर की गणेश मूर्ति लाई गई है और कुछ दोस्तों ने गिफ्ट की है गणेश की मूर्तियों में सोने , चांदी की और विभिन्न प्रकार के पत्थरों और धातु की मूर्ति है। स्वर्गीय रवि खरे की पत्नी साधना खरीदने सरकार से मांग की है की राजनांदगांव में एक गणेश जी संग्रहालय उनके पति के नाम से हेलो जी बनाया जाए जहां इन मूर्तियों की देखरेख की जा सके मैं अब बहुत बूढ़ी हो गई हूं की मूर्तियों का ख्याल कर सकूं

## एक नजर

### कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट



**लंदन, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। कोहली ने बीसीसीआई से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट बीसीसीआई के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ। विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी पूरा किया था।

**विराट के लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठे:** विराट कोहली के बेंगलुरु की बजाय लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी 29 अगस्त को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) बेंगलुरु में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए मौजूद थे। कोहली के लंदन में टेस्ट देने पर सोशल मीडिया पर फैंस ने सवाल करने शुरू कर दिए। फैंस ने कहा कि कोहली को भी बाकी प्लेयर्स की तरह बेंगलुरु में टेस्ट देना चाहिए था।

## यूएस ओपन

# युकी भांबरी मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में

## पहली बार ग्रैंड स्लैम के टॉप-4 में; 2015 में पेस-सानिया ने मिक्स्ड डबल्स जीता था



**न्यूयार्क, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस स्टार युकी भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस ने यूएस ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को न्यूयॉर्क के कोर्ट 17 पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त निकोला मेक्टिक और राजीव राम की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6, 6-3 से हराया।

33 साल के भांबरी भारत के टॉप डबल्स खिलाड़ी हैं। वे वर्ल्ड डबल्स रैंकिंग में 32वें स्थान पर हैं। वे पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले 2024 में यूएस ओपन में वह फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। भांबरी के पास 2015 के बाद यूएस ओपन जीतने वाले पहले भारतीय बनने का मौका है, जब लिएंडर पेस ने मिश्रित युगल और सानिया मिर्जा ने महिला युगल का खिताब जीता था। वहीं, विमेंस सिंगल्स में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियाटेक को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**प्री क्वार्टर फाइनल में केविन क्राविएटज और टिम पुटज को हराया:** युकी ने अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने और वीनस ने प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी केविन क्राविएटज और टिम पुटज को केवल 1 घंटे 23 मिनट में 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था।

**भारत का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात:** जियोहॉटस्टार से बातचीत में युकी ने यूएस ओपन में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा,'हमारे देश में टेनिस का एक समृद्ध इतिहास रहा है, जिसमें विजय अमृतराज, रमेश कृष्णन, लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना जैसे दिग्गज शामिल हैं। सबसे बड़ा दबाव अक्सर अपने भीतर से आता है, क्योंकि मैं हमेशा कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है।'


### अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक से लिया बदला



वहीं विमेंस सिंगल्स में अमेरिका की आठवीं वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-4, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ ही अनिसिमोवा ने विंबलडन फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। जुलाई में विंबलडन फाइनल में स्वियातेक ने उन्हें 6-0, 6-0 से पराजित किया था। 24 वर्षीय अनिसिमोवा अब गुरुवार को सेमीफाइनल में दो बार की यूएस ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका या चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से भिड़ेंगी।

# अमित मिश्रा क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर

- 2017 में खेला था आखिरी इंटरनेशनल मैच, आईपीएल में तीन हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज



**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। 42 साल के मिश्रा ने 2003 में बांग्लादेश में वनडे ट्राई सीरीज के दौरान इंटरनेशनल डेब्यू किया था। मिश्रा ने 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वे द्धड़ में तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज है।

**क्रिकेट में मेरे जीवन के ये 25 साल यादगार रहे:** उन्होंने कहा, क्रिकेट में मेरे जीवन के ये 25 साल यादगार रहे हैं। मैं बीसीसीआई, प्रशासन, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, सहयोगी स्टाफ, अपने सहयोगियों और अपने परिवार के सदस्यों का तहे दिल से आभारी हूं, जो इस दौरान मेरे साथ रहे। उन्होंने आगे कहा, मैं उन फैंस का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिनके प्यार और समर्थन ने जब भी और जहां भी मैंने खेला, इस सफर को यादगार बना दिया। क्रिकेट ने मुझे अनगिनत यादें और अमूल्य सीख दी हैं, और मैदान पर बिताया हर पल एक ऐसी याद बन गया है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। अमित मिश्रा ने 2003 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

# ईडी ने पूर्व क्रिकेटर धवन को नोटिस भेजा

## सट्टेबाजी एप के प्रचार का मामला, रैना-युवराज सिंह से भी हो चुकी है पूछताछ

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी शिखर धवन को प्रवर्तन निदेशालय (श्चष्ठ) ने ऑनलाइन बेटिंग ऐप केस मामले में नोटिस भेजा है। उन्हें गुरुवार को अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

इस केस में पहले ही कई और पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना, हरभजन सिंह और युवराज सिंह से श्वष्ठ पूछताछ कर चुकी है। धवन को एक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप (1×ड्ढद्गह्ल) के प्रचार के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

**2022 में खेला था आखिरी इंटरनेशनल मैच:** टीम इंडिया के ओपनर रहे शिखर ने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था। शिखर पहली बार 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में शामिल हुए थे। 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने आखिरी वनडे खेला था। उसके बाद से उन्हें टीम इंडिया में जगह नहीं मिली थी।



**2010 में वनडे, 2013 में टेस्ट टीम में जगह मिली:** शिखर ने 2011 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में डेब्यू किया था। टेस्ट टीम में उन्हें 2013 में जगह मिली। 34 टेस्ट में 40.61 के औसत से धवन ने 2315 रन बनाए। 167 वनडे मैचों में 44.11 के औसत से 7436 रन बनाए। वहीं, 68 टी-20 मैचों में उन्होंने 27.92 के औसत से 1759 रन बनाए हैं।

**2024 में पंजाब किंग्स से खेले थे धवन:** शिखर आईपीएल में पहले सीजन से जुड़े हैं। संन्यास की घोषणा करते वक्त उन्होंने आईपीएल खेलने या ना खेलने पर कुछ नहीं कहा, जिससे लगता है कि वे IPL खेलाना जारी रख सकते हैं। पहले सीजन 2008 में वे दिल्ली के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहला मैच खेलने उतरे थे। आखिरी मैच 2024 में पंजाब किंग्स की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था। इस सीजन में वे इंजरी के कारण कई मैच नहीं खेल पाए।

### जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर

**दुबई, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर बन गए हैं। बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में रजा ने अफगानी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को पीछे छोड़ा। रजा ने करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल की। उनके अब 302 रेटिंग पॉइंट्स हों गए हैं। टीम रैंकिंग की बात की जाए तो भारत वनडे और टी-20 में पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1 पर है। बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 के टॉप-10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बॉलर्स की टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी नंबर-3 पर आ गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं। टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऑलराउंडर्स टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं। वहीं टी-20 में हार्दिक पंड्या टॉप पर बने हुए हैं।

# हॉकी एशिया कप के सुपर-4 में भारत-कोरिया मैच ड्रॉ

- स्कोर 2-2 से बराबर रहा; भारत के हार्दिक-मनदीप ने गोल दागे

**राजगीर, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** हॉकी एशिया कप के सुपर-4 में भारत और साउथ कोरिया के बीच मैच ड्रॉ हो गया। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को स्कोर 2-2 से बराबर रहा। तीसरे क्वार्टर तक 2-1 से पिछड़ने के बाद भारत को मनदीप सिंह ने 52वें मिनट में गोल कर बराबरी दिलाई। हार्दिक सिंह ने 8वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया था। कोरिया के लिए 12वें मिनट में यांग जिहुन और 14वें मिनट में किम ह्योन्होंग ने गोल दागे। भारत का अगला मैच मलेशिया से गुरुवार को होगा। वहीं साउथ कोरिया का मुकाबला चीन से होगा। मलेशिया ने सुपर-4 में चीन को हराकर अपना पहला मैच जीत लिया है।



### दोनों टीमों की स्टार्टिंग-11

**भारत:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), कृष्ण बहादुर पाठक (गोलकीपर), संजय, अमित रोहिदास, सुमित, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, रजिंदर सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह
सब्स्टिट्यूट्स: जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजकुमार पाल, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, सूरज करकेरा (गोलकीपर)।

**कोरिया:** ली जुंगजुन (कप्तान), यांग जिहुन, पार्क चोलीओन, रिम जिनकांग, जोंगसुक, सीयोंग, सिम जायवोन, बैक सुंगह्यून, सोंग मिन, किम जैहन, ली ह्यसूंग।
सब्स्टिट्यूट्स: जांग दीहान, सोन डायन, जिन जियोन्ह्यो, किम ह्योन्होंग, ली स्युंगवु, चेओ मिन सु, कॉन्ग यून्हू।

## व्यापार

# जीएसटी स्लैब सुधार से आम आदमी के हाथ में बचेगा पैसा, इकोनॉमी को मिलेगा बूस्ट : हेमंत जैन

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** देश की टॉप इंडस्ट्री बॉडी ने गुरुवार को जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में जीएसटी स्लैब को चार से घटाकर दो करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला खासकर आम आदमी के लिए काफी राहत भरा है क्योंकि इससे उनकी जेब में पहले की तुलना में अधिक पैसा बचेगा।

पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमन्त जैन ने न्यूज़ एजेंसी से कहा, नए जीएसटी सुधार के साथ सरकार ने फेस्टिव सीजन में आम आदमी के हाथ में ज्यादा पैसा देकर उन्हें एक बड़ा तोहफा दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि हेल्थ सेक्टर के लिए जीएसटी सुधार एक बड़ा बदलाव लेकर आएंगे। व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को घटाकर जीरो कर दिया गया है। इसका सीधा फायदा आम आदमी को मिलेगा।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर जैन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के विजन 'आत्मनिर्भर भारत' को लेकर जीएसटी सुधार काफी महत्वपूर्ण हैं। ट्रंप टैरिफ के बाद इकोनॉमी को लेकर कुछ नई परेशानियां खड़ी हुई थीं, कई सारे सेक्टर पर इसका प्रभाव देखा जा रहा था। क्योंकि अमेरिका भारत का एक बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर रहा है। हालांकि, नए जीएसटी सुधार से भारत की ग्रोथ स्टोरी बढ़ेगी। एक यंग और डायनैमिक इकोनॉमी के रूप में हमारे काम की गति और तेज हो जाएगी। जीएसटी को लेकर नए सुधारों के साथ इकोनॉमी को बूस्ट मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार का शेयर बाजार पर भी अच्छा प्रभाव देखने को मिलेगा। सरकार ने आम आदमी के लिए बहुत सी वस्तुओं का सस्ता कर दिया है, लेकिन लग्जरी आइटम्स यानी वे वस्तुएं जो आम आदमी की जरूरत से नहीं जुड़ी हैं, उन्हें महंगा कर जीएसटी को बैलेंस करना भी जरूरी था।




जैन ने कहा कि ट्रंप टैरिफ की वजह से छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा परेशानी में थे, ऐसे में जीएसटी सुधार छोटे व्यापारियों, एमएसएमई के लिए राहत भरे हैं। साथ ही, ग्रामीण भारत में मांग को लेकर तेजी आएगी। नए जीएसटी सुधार ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देंगे और टैक्स स्ट्रक्चर में भी सुधार होगा।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफइंडिया के (एसोचैम) के महासचिव मनीष सिंघल ने कहा, यह आम आमदी के लिए काफी राहत भरा फैसला है। वस्तुओं के दाम घटने से आम आदमी अपना उपभोग बढ़ाएगा, उपभोग बढ़ने से इंडस्ट्री का उत्पादन बढ़ेगा। उत्पादन बढ़ने से निवेश भी बढ़ेगा और सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स सेक्टर भी बढ़ेगा। साथ ही, कोल्ड चेन में निवेश बढ़ेगा। सरकार ने ट्रक से लेकर ट्रैक्टर तक के जीएसटी रेट में कटौती की है, इसका समग्र रूप से एक बड़ा प्रभाव देखने को मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में एक आम आदमी के लिए इंश्योरेंस लेना काफी महंगा पड़ रहा था। नए जीसएटी सुधारों से इंश्योरेंस लेने वालों की संख्या बढ़ जाएगी, उम्मीद है कि इंश्योरेंस लेने वालों की बढ़ती संख्या के मध्यनजर कंपनियां ज्यादा प्रीमियम भी चार्ज नहीं करेंगी। आम आदमी अब अपनी फाइनेंशिल सिक्योरिटी को बढ़ाने पर ध्यान देगा। यह केंद्र सरकार का एक सराहनीय कदम है। (इनपुट-आईएएनएस)

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट

# सोना 270 गिरकर 1.06 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 1.23 लाख किलो बिकी



**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 4 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार आज सोना 270 रुपए गिरकर 1,05,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,06,021 रुपए पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है। वहीं चांदी 320 रुपए गिरकर 1,22,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,23,220 रुपए थी। चांदी ने 1 अगस्त को 1,23,250 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### सोना इस साल अब तक 29,859 महंगा हुआ

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 29,869 रुपए बढ़कर 1,05,751 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 36,883 रुपए बढ़कर 1,22,900 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

### सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,010 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100

मुंबई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950

**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202508112800028/279**

विषय : अ-20(3)
मामले की श्रेणी: राजस्व
सन्:- 2024-2025
रायपुर प.ह.न. 00062 [ (हे.) ]

**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- (1) श्रीमती संज्ञा ठाकुर पति स्व. टेकेन्द्र सिंह ठाकुर, (2) वैभव ठाकुर पिता स्व. टेकेन्द्र सिंह ठाकुर,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्रीमती संज्ञा ठाकुर पति स्व. टेकेन्द्र सिंह ठाकुर, निवासी-54/819, डी.डी. नगर, सुंदर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (2) वैभव ठाकुर पिता स्व. टेकेन्द्र सिंह ठाकुर, निवासी-54/819, साईनाथ प्रोविजन स्टोर्स, डंगनिया, डी.डी.यू. नगर, रायपुर छ.ग. जिला रायपुर द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित, ब्लॉक/शीट नंबर-32, भूखण्ड क्रमांक-1/73, क्षेत्रफल 1230 वर्गफुट भूमि गोदावरी बैस पति गोविंद सिंह बैस, टेकेन्द्र सिंह बैस, लोमश सिंह बैस, केशव सिंह बैस तीनों पिता गोविंद सिंह बैस, सरला बैस पति प्रहल्लाद सिंह बैस, मनीव सिंह बैस, पुष्पजीत सिंह बैस दोनों पिता प्रहल्लाद सिंह बैस के नाम दर्ज है। आवेदकगणों के पति व पिता टेकेन्द्र सिंह बैस पिता गोविंद सिंह बैस की मृत्यु दिनांक 06/06/2025 को हो गया है, जिनके वारिसान में आवेदकगण है। अतएव आवेदकगणों के द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 11/09/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**रायपुर**

# अब दवाओं का लाइसेंस मिलना आसान होगा

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने फार्मास्यूटिकल और क्लीनिकल रिसर्च सेक्टर में कारोबार को आसान बनाने के लिए न्यू ड्रग्स एंड क्लीनिकल ट्रायल्स रूल्स-2019 में कुछ बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है। इन प्रस्तावित बदलावों को 28 अगस्त को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया और अब जनता से सुझाव मांगे जा रहे हैं।

**क्या हैं मुख्य बदलाव:** स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन बदलावों का मकसद टेस्ट लाइसेंस लेने और बायोएवेलेबिलिटी /बायोइक्विवेलेंस स्टडीज से जुड़ी प्रोसेस को सरल बनाना है। अब टेस्ट लाइसेंस के लिए मौजूदा सिस्टम को नोटिफिकेशन और इंटिमेशन सिस्टम में बदला जा रहा है। इसका मतलब है कि कुछ खास हाई-रिस्क दवाओं को छोड़कर, आवेदकों को टेस्ट लाइसेंस के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे बस सेंट्रल लाइसेंसिंग अथॉरिटी को सूचित करेंगे और काम शुरू कर सकेंगे।

### क्या होगा फायदा?

इन बदलावों से फार्मा कंपनियों और रिसर्चर्स को काफी राहत मिलेगी। मंत्रालय का कहना है कि इन सुधारों से टेस्ट लाइसेंस के लिए आने वाले आवेदनों की संख्या करीब 50त्न तक कम हो जाएगी। इससे दवाओं की टेस्टिंग, रिसर्च और ड्ढ/ड्ढश्व स्टडीज को जल्दी शुरू करने में मदद मिलेगी। जिससे दवा विकास और मंजूरी की प्रोसेस तेज होगी। साथ ही सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO) अपने ह्यूमन रिसोर्स का बेहतर इस्तेमाल कर पाएगा। जिससे नियामक निगरानी का प्रभाव बढ़ेगा।

# रिलायंस जियो का यूजर बेस 50 करोड़ पार

## यह आंकड़ा अमेरिका, यूके और फ्रांस की कुल आबादी से ज्यादा

**मुंबई, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर रिलायंस जियो ने बुधवार (3 सितंबर) को ऐलान किया कि उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन यानी 50 करोड़ को पार कर चुकी है। यह आंकड़ा अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस की कुल आबादी (करीब 48 करोड़) से भी ज्यादा है। जियो अब दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा नेटवर्क बन गया है। 5 सितंबर को अपनी 9वीं एनिवर्सरी मनाने जा रही जियो ने इस मौके पर अपने यूजर्स के लिए कई शानदार ऑफर्स भी पेश किए हैं।

**जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने क्या कहा?:** रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, 'जियो की 9वीं एनिवर्सरी पर मैं गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहा हूं कि 50 करोड़ से ज्यादा भारतीयों ने हम पर




भरोसा दिखाया है। एक देश में इतने बड़े पैमाने पर पहुंचना इस बात का सबूत है कि जियो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। यह कनेक्टिविटी की ताकत को दर्शाता है, जो एक डिजिटल सोसाइटी को आकार दे रही है।'

आकाश अंबानी ने आगे कहा, 'मैं हर जियो यूजर को दिल से धन्यवाद देता हूं। आपका भरोसा हमें हर दिन प्रेरित करता है। हम आगे भी भारत के करोड़ों लोगों तक बेहतरीन टेक्नोलॉजी पहुंचाने के लिए कमिटेड हैं, ताकि यह सुलभ, उपयोगी और जीवन को बदलने वाली हो। हम मिलकर एक डिजिटल भारत के सपने को साकार करेंगे।'

**जियो का आईपीओ प्लान:** हाल ही में हुई रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरू में चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने बताया था कि जियो 2026 की पहली छमाही में यानी जून तक अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। यह भारतीय इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जियो अपनी सिर्फ 5त्न हिस्सेदारी भी बेचती है, तो ये करीब 58,000 से 67,500 करोड़ रुपए तक फंड जुटा सकती है।

अगर ऐसा होता है तो ये हुंडई मोटर इंडिया के बाद अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। अक्टूबर 2024 में हुंडई का आईपीओ 27,870 करोड़ रुपए का था। इस हिसाब से देखा जाए तो रिलायंस जियो का आईपीओ हुंडई के इश्यू के दोगुना से भी ज्यादा हो सकता है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
☎ 07721-233326, Email- npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/567/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 03.09.2025

**रूचि की अभिव्यक्ति (द्वितीय)**

नगर पालिका तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत निकाय द्वारा जारी किये गये भवन अनुज्ञा अनुमति प्रमाण पत्र व्यक्तियों के यहा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से रूचि की अभिव्यक्ति दिनांक 19.09.2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीट पोस्ट/पंजीकृत डॉक द्वारा आमंत्रित किया जाता है। कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्तो अद्योहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय से रूपये 750.00 का भुगतान कर रूचि की अभिव्यक्ति की अंतिम तिथि के 01 दिवस पूर्व तक प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

## एक नजर

### कचरा फैलाने पर 3 हजार ई-जुर्माना किया

**रायपुर, 4 सितंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम रायपुर में प्राप्त गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री बारोन बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत जोरा क्षेत्र में नीलम बेकरी की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कचरा फैलाये जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही मिली, इस पर जोन 9 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल नीलम बेकरी के सम्बंधित संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए 3000 रूपये का जुर्माना किया और प्राप्त जनशिकायत का स्थल पर पहुंचकर त्वरित निदान किया।

### भवन स्वामी पर सड़क बाधित करने 20 हजार रुपये जुर्माना

**रायपुर, 4 सितंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर नियमानुसार कार्यवाही करने दिए गए निर्देश पर नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता श्री शरद ध्रुव, सहायक अभियंता श्री सैयद जोहेब, उप अभियंता श्री अतुल बंसल, स्वच्छता निरीक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 9 अंतर्गत लालबहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत साईनगर जोरा में सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रेत को डालकर सड़क अवरुद्ध किये जाने की जनशिकायत पर स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। स्थल निरीक्षण के दौरान जनशिकायत सही मिली और सड़क पर रेत बड़ी मात्रा में पायी गयी। इस पर जोन 9 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन 9 नगर निवेश विभाग की टीम ने तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क पर पड़ी रेत को जप्त कर सम्बंधित निर्माणाधीन भवन स्वामी भारती चंद्राकर पर तत्काल 20 हजार रूपये ई जुर्माना किया और भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए प्राप्त जनशिकायत का स्थल पर त्वरित निदान रेत डालकर बाधित किये गए सड़क मार्ग को नागरिकों के आवागमन हेतु खोलकर किया।

### बंदूक की नोक पर ज्वेलरी शॉप में लूट की कोशिश, एक गिरफ्तार

**रायपुर, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई-3 चरोदा क्षेत्र में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक ज्वैलरी शॉप में बंदूक की नोक पर लूट की कोशिश की। घटना के समय दुकान में ग्राहक मौजूद था, जिसके सामने ही आरोपियों ने बंदूक निकाल दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकानदार ने हिम्मत दिखाते हुए लुटेरों का विरोध किया, जिससे घबराकर आरोपी वहां से फरार हो गए। इसके बाद आरोपियों ने रायपुर के कुकुरबेड़ा इलाके में एक युवक से पैसे लूटने की वारदात को अंजाम दिया और फायरिंग भी की। रायपुर में एक एटीएम लूट की घटना भी सामने आई है, जिसका सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में रायपुर पुलिस ने एक आरोपी हरमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश रायपुर और दुर्ग पुलिस मिलकर कर रही है। पुलिस अब दोनों शहरों की घटनाओं को जोड़कर जांच कर रही है और माना जा रहा है कि दोनों वारदातों में एक ही गैंग शामिल हो सकता है।

### गोमची के एक निजी विक्रेता को नोटिस, 41 टन उर्वरक जब्त

**रायपुर, 4 सितंबर।** जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विशेष रूप से आउटर इलाकों में लगातार उर्वरक बिक्री केंद्रों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम गोमची स्थित निजी उर्वरक विक्रेता 'मेसर्स वीएनआर एग्रीमैट्रिक्स' के खिलाफउर्वरक नियंत्रण आदेश के उल्लंघन का मामला सामने आया है। कृषि विभाग की हालिया जांच में विक्रेता द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिसके आधार पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही 41.17 मीट्रिक टन उर्वरक जब्त की गई है। गौरतलब है कि 30 अगस्त को कृषि विभाग की टीम ने इस विक्रेता के गोदाम का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते कार्रवाई की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया है कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि इस दिशा में कोई गड़बड़ी या लापरवाही सामने आती है, तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण में सहायक संचालक कृषि स्मृति कोल्हे ठाकुर, उर्वरक निरीक्षक अंजनी साहू और अनिल वर्मा शामिल रहे। कृषि विभाग की टीम जिले भर में उर्वरक विक्रेताओं की जांच कर रही है।

गणेशोत्सव



रायपुर। श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति श्री हनुमान मंदिर वृंदावन नगर कुशालपुर




रायपुर। श्री दंतेश्वरी किशोर समाज गणेशोत्सव समिति गोपियापारा

### ईद-ए-मिलाद अवकाश की तिथि में किया संशोधन

**रायपुर, 4 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 3 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार, ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) के सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की तिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह अवकाश 6 सितंबर 2025 (शनिवार) को घोषित किया गया था, जिसे अब निरस्त करते हुए 5 सितंबर 2025 (शुक्रवार) को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही, 6 सितंबर 2025 को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पूर्व में घोषित ऐच्छिक अवकाश यथावत रहेगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

#### रायपुर में 3 मिनट में 7 लाख कैश व सोना चोरी

## स्पीच थैरेपिस्ट के घर लॉक तोड़कर घुसा था चोर, विशाखापट्टनम घूमने गया था परिवार

**रायपुर, 4 सितम्बर।** रायपुर में 3 मिनट में एक चोर ने घर में घुसकर 7 लाख कैश और गोल्ड ज्वेलरी चुराया हैं। चोर इतना शातिर था कि उसने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया है। उसने घर और कमरे के लॉक को तोड़कर लॉकर से माल गायब कर दिया। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वारदात के वक्त परिवार विशाखापट्टनम घूमने गया था। यह पूरा मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद सरताज ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह टीचर्स कॉलोनी कोटा रायपुर में रहता है। वह स्पीच थैरेपिस्ट का काम करता है। जिसके लिए अक्सर जबलपुर भिलाई कांकेर जैसे शहरों में जाते रहता है। सरताज ने अपने कमाए हुए करीब 7 लाख रुपए कैश को घर के लॉकर में रखा था। इसके अलावा लॉकर में एक 2 तोले की चेन भी थी। लॉकर की चाबी उसने आलमारी में कपड़ों के बीच रखी थी।

इस घटना के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोर रात 3 बजकर 4 मिनट में घर के भीतर दरवाजा फांदकर एंट्री किया। फिर 3 मिनट बाद ही घर से बैग लेकर बाहर निकल गया। उसने घर के में गेट और एक कमरे पर लगे दो ताले तोड़े हैं। वह बाइक से वारदात करने पहुंचा था।

#### 31 अगस्त को लगी घटना की जानकारी

सरताज ने शिकायत में बताया कि उसके घर में एक काम वाली बाई है। जो उसकी अनुपस्थिति में घर के बाहर गमला और पोर्च की सफाई करती हैं। 31 अगस्त को सुबह 8:00 बजे जब घर की बाइक काम पर आई तो उसने देखा कि घर के में गेट का ताला टूटा हुआ है। उसने फौरन पड़ोसियों को सूचना दी। इसके बाद चोरी का पता चला। चोर ने बड़ी चालाकी से वारदात को अंजाम दिया था।

#### कैश और जेवर हुए चोरी

पीड़ित के मुताबिक घर के अलमारी के लॉकर ममें 7 लाख कैश रखे हुए थे। वही दो तोले की एक सोने की चैन भी गायब है। चोर ने घर से करीब 7 लाख 70 हजार का माल पार किया है। वारदात के दौरान पीड़ित का परिवार विशाखापट्टनम घूमने गया था। चोरी के बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। सरस्वती नगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## एआई दुर्गा प्रतिमा, अर्धनग्न मूर्तियां बनाने से रोकी गई

### हिंदू संगठन बोले- मम्मी-पापा की इसी तरह मूर्ति बनाकर पूजा करोगे, कार्टून बना दिए



**रायपुर, 4 सितम्बर।** रायपुर में भगवान गणेश की एआई मूर्तियों के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर विवाद शुरू हो गया है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने माना के मूर्तिकारों के स्टॉल पर पहुंचकर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और कार्टून जैसी प्रतिमा बनाने पर रोक लगवाई। इस दौरान विहिप के जिला उपाध्यक्ष योगेश सैनी ने कहा कि दुर्गा मां को आधे कपड़े पहना रहे हैं। ये नवरात्रि के लिए दुर्गा माता बना रहे हैं। फोटो को दिखाते हुए कह रहे हैं ये कहां से दुर्गा माता दिख रही हैं। डॉल बनाकर आधे कपड़े पहना दिए हैं। योगेश सैनी ने एआई वाली फोटो को कैमरे में दिखाते हुए फोन से मूर्तिकार को कहा कि ये मां दुर्गा की मूर्ति है, ऐसी होती है। अपनी मम्मी की इस तरह फोटो बनाकर पूजा कर सकते हो। ऐसी फोटो बनाकर अपनी मम्मी-पापा की पूजा करोगे। तुम्हारे नाम से स्खढ्ढक्र कराएंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता विजेंद्र वर्मा ने कहा कि दुर्गा माता को बच्चों की तरह दिखाया जा रहा है। विहिप के जिला उपाध्यक्ष योगेश सैनी और बजरंग दल के कार्यकर्ता विजेंद्र वर्मा ने मूर्तिकारों को एआई स्वरूप वाली मूर्तियों को बनाने पर नाराजगी जताई।

## करोड़ों की चना खरीदी का टेण्डर सरकार हाईकोर्ट की शरण में



- स्थगन आदेश देने के पूर्व शासन की पक्ष सुनने की अपील हाईकोर्ट से
- राज्य आपूर्ति निगम वर्ष 2025-26 की चना वितरण के लिए निकाला टेण्डर

**रायपुर, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य आपूर्ति निगम द्वारा करोड़ों रूपये की चना खरीदी के लिए जारी की गई टेण्डर पर कानून दावपेच प्रारंभ हो गया है। वर्ष 2025-26 के चना वितारण के लिए ई-ऑक्शन टेण्डर को लेकर राज्य शासन हाईकोर्ट की शरण में चला गया है। ज्ञात रहे इस ठेके को लेने के लिए कई रसूखदार सक्रिय हो गए हैं, जिससे व्यावसायिक स्पर्धा बढ़ गई है।

राज्य शासन के द्वारा गत दिनों आदिवासी क्षेत्र माडा में चना आपूर्ति करने के लिए कैबिनेट ने निर्णय लिया था, जिसके तहत नागरिक आपूर्ति निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया था। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने इस संबंध में एक टेण्डर जारी कर दिया है, यह टेण्डर निर्धारित शर्तों के अनुसार चालू माह में खोला जाएगा। इसका प्रपत्र खोलने और बंद करने की तिथि अलग-अलग है। यह चना करोड़ों रूपए की लागत से खरीदा जाना है, इसका वितरण छत्तीसगढ़ राज्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा टेण्डर का बीड खोला जाएगा, जिसमें सबसे ज्यादा बोली लगाने वालों को ही यह टेण्डर दिया जाना है। इसमें एक शाही परिवार के सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी है, जिसके चलते यह ठेका लेना अन्य व्यापारियों के लिए कॉफी मुश्किल हो गया है।

## अनुशासनहीनता प्रस्ताव के बाद चौबे अचानक पहुंचे राजीव भवन

### दीपक बैज से बंद कमरे में की मुलाकात, बोले-कलेक्टिव लीडरशिप में लड़ेंगे चुनाव



**रायपुर, 4 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की जनता आज भी भूपेश बघेल का नेतृत्व चाहती है' वाले बयान पर मचे बवाल के बीच पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात की. बैठक के बाद दोनों नेताओं ने तमाम असहमतियों को दरकिनार करते हुए कहा कि कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद है. आगामी चुनाव कलेक्टिव लीडरशिप में लड़ी जाएगी.

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि दीपक बैज कांग्रेस के अध्यक्ष है, हमारा समर्थन उनके साथ है. दीपक बैज के नेतृत्व में मजबूती से कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है. भूपेश बघेल के जन्मदिन पर भ्रमपूर्वक बातें कही गई. अगर कुछ बातें कही गई तो वह बात नहीं थी, जो प्रेस में आई. दीपक बैज बहुत ही मैच्योर अध्यक्ष हैं.

वहीं दीपक बैज ने महंत के चमचे वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस की बैठक में बहुत सारे मुद्दे थे. बैठक में संगठन सृजन अभियान पर चर्चा की गई. कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद है. बैठक में जो बातें हुई, वह घर की बात है, पार्टी की बात है. पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे से मुलाकात का जिक्र पर कहा कि कलेक्टिव लीडरशिप में लड़ने का निर्णय हुआ है. आगे भी कलेक्टिव लीडरशिप से कांग्रेस लड़ाई लड़ेगी.

वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन को चमचा भवन बताते हुए भाजपा के पोस्टर जारी किए जाने पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को अपने भवन का नाम नमक हराम भवन रखना चाहिए.

## जीएसटी में बदलाव का छत्तीसगढ़ चेंबर ने किया स्वागत

- अध्यक्ष थौरानी ने कहा- ऐतिहासिक बदलाव से होगी कंज्यूमर-ट्रेडर्स की चांदी



**रायपुर, 4 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाल किले की प्राचीर से की गई घोषणा को पूरा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा त्नस्ञ्ज टैक्स ढांचे में किए गए बदलाव का छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है. चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि यह देशहित व जनहित में है. इससे आम नागरिकों को कर से राहत मिलेगी, जिससे खरीदी भी बढ़ेगी. यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा.

छत्तीसगढ़ चेम्बर की टीम ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर त्नस्ञ्ज को लेकर सुझाव दिया था. छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दी गई सुझावों को भी इस सुधार में शामिल किया गया है. ये हम सबके लिए गौरवशाली है.

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के लिए एक विशेष तोहफे की घोषणा करते हुए कहा था कि इस दिवाली पर देश को अगली पीढ़ी के त्नस्ञ्ज सुधार मिलने वाले हैं, जो देश को आज मिल गया.जीएसटी परिषद की बैठक में वो फैसला लिया गया, जिसका अर्थव्यवस्था पर लॉन्ग टर्म असर दिखेगा. उन्होंने कहा कि पहले जिस वस्तुओं पर 12 से 18त्न जीएसटी लगता था, उसमें अब 5त्न लगेगा. 28त्न जीएसटी लगने वाले वस्तुओं को 18त्न प्रतिशत के स्लैब में रखा गया है, साथ भी अनेक वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है. इससे स्स्स्ख्ञ क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी. सतीश थौरानी ने प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक कदम का हार्दिक स्वागत करते हुए इसे व्यापारी वर्ग एवं देशहित में अत्यंत लाभकारी बताया. उन्होंने आगे कहा कि इससे व्यापार में पारदर्शिता बढ़ेगी, कारोबारियों पर कर का बोझ घटेगा और उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी. छोटे और मध्यम कारोबारियों को कम टैक्स दर और सरल अनुपालन का लाभ मिलेगा. उन्होंने कहा कि टैक्स घटने से वस्तुओं/सेवाओं की कीमत घटेगी, जिससे खरीदारी बढ़ेगी और व्यापार का वॉल्यूम बढ़ेगा. त्नस्ञ्ज रिटर्न और नियमों को आसान बनाने के सुधार से समय और लागत दोनों की बचत होगी. इससे भारतीय व्यापारियों को विदेशी उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करने में भी बढ़त मिलेगी.

चेम्बर अध्यक्ष ने आगे इस निर्णय को व्यापार, उद्योग और रोजगार के लिए गेम चेंजर बताते हुए कहा कि कर का बोझ घटने और स्स्स्ख्ञ को प्रोत्साहन मिलने से उद्योग व व्यापार का विस्तार होगा. छोटे व्यापारी भी बड़े बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे, जिससे आर्थिक विकास में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित होगी.

## उमसभरी गर्मी से लोग परेशान

**रायपुर, 4 सितंबर।** राजधानी में आज दिनभर बदली छाई रही बादल गरजते रहे लेकिन भारी वर्षा नहीं जिसके कारण लोग उमसभरी गर्मी से लोग परेशान है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका एवं कम दबाव का क्षेत्र होने के कारण दक्षिण बस्तर में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार कम दबाव का क्षेत्र और मानसून द्रोणिका का सक्रिय होने के कारण रायपुर बिलासपुर में दो दिनों से वर्षा रही थी। लेकिन आज यह दक्षिण की ओर चला गया है, इसके कारण दक्षिण बस्तर में मध्यम से भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उत्तर तटीय उड़ीसा से दूर स्थित है । इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसका गमनपथ उत्तर उड़ीसा और उससे लगे झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दमोह, पेण्ड्रारोड, सम्बलपुर चिन्हित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने और वज्रपात होने की सम्भावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है।

#### 25 कर्मी बर्खास्त किए गए, इनमें प्रदेश संरक्षक-महासचिव भी शामिल; 18 दिन से हैं हड़ताल पर

## 16000 संविदा एनएचएम कर्मचारी दे सकते हैं इस्तीफा



**रायपुर, 4 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के 16 हजार संविदा एनएचएम कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा दे सकते हैं। सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के नाम से एक पोस्ट में सामूहिक इस्तीफे की बात लिखी गई है। इसके अलावा एनएचएम कर्मी अमन दास ने भी इसकी पुष्टि की है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की हड़ताल 18 दिन से जारी है। अब स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी के बाद एक्शन शुरू हो गया है। बुधवार को 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें एनएचएम संविदा कर्मचारी संगठन के प्रदेश संरक्षक हेमंत सिन्हा और महासचिव कौशलेश तिवारी के नाम भी शामिल हैं। इस कार्रवाई पर एनएचएम संविदा कर्मचारियों का कहना है कि, सिस्टम दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। बातचीत के रास्ते शासन-प्रशासन स्तर पर बंद कर दिए गए हैं। ऐसे में प्रोटेस्ट ही एक मात्र विकल्प है, जो जारी रहेगा। बता दें कि, कर्मचारियों ने अलग-अलग तरह से प्रदर्शन किया। पीएम-सीएम और स्वास्थ्य मंत्री का मुखौटा पहनकर डांस किए। खून से लेटर भी लिख चुके हैं।

**18 अगस्त से हड़ताल पर हैं कर्मचारी:** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह्लरू) संविदा कर्मचारी 18 अगस्त से हड़ताल पर हैं। इसके चलते स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। ह्लरूकर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। खून से सरकार को लेटर तक लिख चुके हैं। वहीं सरकार एनएचएम कर्मियों की 10 में से पांच मांगें पूरी करने का आश्वासन भी दे चुकी है।

#### जारी रहेगा प्रदर्शन

आदेश के जवाब में ह्लरूकर्मी मंगलवार को स्वास्थ्य संचालनालय पहुंचे। यहां कर्मचारियों ने आदेश की प्रति संचालनालय के सामने ही जला दी। संविदा कर्मियों का साफकहना है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, प्रदर्शन जारी रहेगा। इससे पहले 25 अगस्त को सभी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र जारी कर 18 अगस्त से गैरमौजूद कर्मचारियों की सूची मांगी गई है। लिखा गया था कि ये सूची नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए चाहिए।

## किसानों की पीड़ा को लेकर यशवंत साहू का हल्ला बोल : राज्य सरकार को दी चेतावनी



**रायपुर, 4 सितम्बर।** आज जिला पंचायत की सामान्य सभा में जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। वो अपने जिला पंचायत के सदस्यों के साथ जिल पंचायत मुख्यालय के सामने यूरिया खाद की बोरी को रखकर किसानो के साथ यूरिया के वितरण में हो रही कालाबाजारी के विरोध में प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में यूरिया खाद का स्टॉक बेहद कम है और किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि सरकार की नाकामी के कारण 266 रुपये की यूरिया की थैली 650 से 800 रुपये तक में बेची जा रही है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। यह सीधे-सीधे कालाबाज़ारी को संरक्षण देना है।

यशवंत साहू ने अधिकारियों और सरकार को घेरते हुए कहा की अगर किसानों को खाद की तत्काल आपूर्ति नहीं की गई तो यह किसानों की मेहनत पर सीधा हमला होगा, प्रदेश सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है, जिससे उनकी फसलें चौपट होने की कगार पर हैं एवं कालाबाज़ारी करने वालों को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26